नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 344 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 11 अक्टूबर 2023

पेज -4 पर

अग्र समाज के गणमान्यों की उपस्थिति में अग्रसेन जयंती का हुआ शुभारंभ

पेज -8 पर

अंबेटिकरा में भगवान भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा होगा आकर्षण का केंद्र

श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)

मनोकामना ज्योति कलश

651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

धरमजयगढ़ -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारूमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।

एक नजर

आदर्श आचार संहिता लगते ही सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां हुई रद्द

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है, इसी के साथ राज्य के सभी पांच लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारी अब निर्वाचन आयोग के अधीन हो गये हैं. वहीं सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों पर कई पाबंदिया भी लागू हो गई है, आचार संहिता सभी शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू होगी, जो की 5 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी.

आचार संहिता लागू होने के साथ ही रायपुर में धारा 144 लागू कर दी गई है. आदेश का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. चुनावी नियमों का पालन करते हुए मुख्यमंत्री आवास, मंत्री, सांसद-विधायकों के निजी स्टाफ में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को वापस बुला लिया गया है.

14 को जारी हो सकती है कांग्रेस की लिस्ट

सीएम और मंत्रियों समेत 40 से ज्यादा प्रत्याशी होंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची 14 अक्टूबर को जारी कर सकती है। 13 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो सकती है। जिसके बाद पहली सूची में 40 नाम जारी किए जा सकते हैं। रविवार को ही सीएम हाउस में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक रखी गई थी।

CWC की बैठक से पहले हुई कांग्रेस की यह मीटिंग बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस बैठक के बाद प्रदेश स्तर पर सभी 90 सीटों पर प्रत्याशियों के सिंगल नाम तय कर लिए हैं। इन्हीं नामों पर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में अंतिम मुहर लगेगी। कांग्रेस की पहली सूची में लगभग 40 नाम जारी किए जाएंगे। जिसमें सीएम भूपेश बघेल समेत मंत्रियों के नाम होंगे। इसके साथ ही पहली सूची में उन 13 सीटों पर भी उम्मीदवार रखे जाएंगे जिन पर बीजेपी का कब्जा है। पहली सूची जारी होने के एक सप्ताह के भीतर दूसरी सूची आने की संभावना है।

अब तक 6 बार हो चुकी है चुनाव समिति की बैठक

कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की बैठक अब तक 6 बार से अधिक हो चुकी है। जिसमें आवेदनों पर चर्चा हुई। 2 हजार से ज्यादा दावेदारों के आवेदनों में काट-छांट कर लगभग 300 लोगों की एक लिस्ट तैयार की गई थी। जिसमें 40 सीटों पर सिंगल नाम तय किए गए थे। इसके बाद भी बैठकों का दौर जारी रहा। अब तक 65 सीट पर सिंगल नाम तय कर लिए थे।

नेताओं के सिफारिश पर भी हुई है चर्चा

इन बैठकों में ब्लॉक से आए आवेदन, सर्वे के नाम और नेताओं के सिफारिश वाले नामों पर भी चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी रविवार को कहा था कि नेताओं के रिकमेंडेशन पर बात हुई है। टिकट पर सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक के बाद फैसला होगा।

बीजेपी की वायरल सूची के बाद कांग्रेस सतर्क

बीजेपी की वायरल सूची के बाद कांग्रेस ज्यादा सतर्क नजर आ रही है। तय नाम भी कहीं से लीक न हो और सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक तक इसे पूरी तरह से गोपनीय रखने को लेकर भी चर्चा होगी। अगर सूची जारी होती है तो कहीं भी अनुशासनहीनता या विरोध हो तो कैसे कंट्रोल किया जाए, इसको लेकर भी चर्चा होगी।

केंद्रीय सुरक्षा बल की 150 कंपनी होगी तैनात

रायपुर। छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल की 150 कंपनी को तैनात किया जाएगा. जल्दी यह जवान अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में वर्चुअल बैठक हुई. इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बल के जवानों के लिए आवास, परिवहन, राशन, पेयजल जलपूर्ति, स्वास्थ्य दवाई, चिकित्सा, मोबाईल, टॉयलेट, बांस बल्ली सहित अन्य जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए. साथ ही चुनाव कार्य के लिए होमगार्ड, फॉरेस्ट गार्ड और कोटवारों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

3115 होमगार्ड की लगेगी ड्यूटी

बैठक के दौरान गृह विभाग के सचिव अरूण देव गौतम ने बताया कि प्रदेश में करीब 6996 होमगार्ड बल उपलब्ध हैं. इनमें से करीब 3115 होमगार्ड की ड्यूटी विधानसभा चुनाव के दौरान लगाई जाएगी. बैठक में डीजीपी अशोक जुनेजा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, सचिव शिक्षा डॉ. एस. भारती दासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव एनएन एक्का, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा सहित परिवहन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, नगरीय प्रशासन तथा ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

महादेव सट्टा एप का बालीवुड कनेक्शन, ईडी ने पूछताछ के लिए 30 से अधिक स्टार्स को भेजे समन

रायपुर। आनलाइन महादेव सट्टा एप को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रडार पर बालीवुड के 30 से अधिक स्टार कलाकार आ चुके हैं।



ईडी ने अभिनेता रणबीर कपूर, अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, कामेडियन कपिल शर्मा, अभिनेत्री हुमा कुरैशी, हिना खान समेत टेलीविजन और साउथ फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कलाकारों को समन देकर रायपुर कार्यालय में बुलाया है। इनमें से रणबीर कपूर को पांच अक्टूबर को रायपुर बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने ईमेल भेजकर रायपुर आने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। इन सभी कलाकारों पर आरोप है कि इन्होंने सितंबर 2022 और इस साल फरवरी में दुबई में महादेव सट्टा एप के संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के दो कार्यक्रमों में भाग लिया था। इसके एवज में इन्होंने हवाला के माध्यम से पैसा लिया था। यह पैसे उन्हें मुंबई में दिए गए थे। बालीवुड स्टार से सितंबर 2022 में दुबई के एक होटल में आयोजित इवेंट में शामिल होने के बदले उन्हें दिए गए कथित भुगतान के बारे में ईडी के अधिकारी पूछताछ कर उनके बयान दर्ज भी दर्ज करेंगे। यहीं नहीं एक-एक बयानों की तस्दीक भी की जायेगी कि आखिर इसमें कितनी सच्चाई है।अगर बयान में किसी तरह का अंतर पाया जाता है तो उन फिल्म अभिनेताओं पर शिकंजा कसेगा। जांच में यह भी सामने आया है कि महादेव एप का संचालक सौरभ चंद्राकर डेढ़ साल पहले महादेव से संबंधित एक फैंटेसी गेमिंग एप के लिए एक स्टार्टअप फर्म स्थापित करने के लिए कुछ व्यावसायिक सलाहकारों के संपर्क में था।

टीचिंग तनावपूर्ण पेशा, इसलिए अब सिखाएंगे स्ट्रेस मैनेजमेंट, आंबेडकर अस्पताल करेगा मदद

रायपुर। नव-नियुक्ति शिक्षकों को तनाव से निपटने के गुर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (State Council of Educational Research and Training)द्वारा सिखाए जाएंगे।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बीते दिनों 10 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी । व्यापम ने इसके लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इन नव-नियुक्ति शिक्षकों के लिए अब एससीईआरटी (SCERT) द्वारा प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। पढ़िए पूरी खबर...प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ही शिक्षकों को बताया जाएगा कि किस तरह से वे तनावपूर्ण स्थिति का सामना कर सकते हैं।

स्ट्रेस मैनेजमेंट के अंतर्गत आने वाली सभी जानकारियां उन्हें दी जाएंगी। आंबेडकर अस्पताल के मनोचिकित्सक शिक्षकों की विशेष वर्कशॉप लेंगे। चिकित्सक तनाव के कारण, डिप्रेशन को पहचानने के उपाय, इसे दूर करने के उपाय और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के तरीके कार्यशाला में बताएंगे। किसी तरह की शंका होने पर प्रतिभागी शिक्षक सवाल पूछ सकेंगे तथा वे समस्याओं का हल जान सकेंगे।

पहली बार प्रयोग

एससीईआरटी संचालक राजेश सिंह राणा ने बताया कि, हम पहली बार शिक्षकों को फिल्ड विजिट के लिए ले जा रहे हैं। इसके अलावा स्ट्रेस मैनेजमेंट को भी प्रशिक्षण का हिस्सा बनाया गया है।

राजीव भवन के बाहर कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

टिकट से पहले कांग्रेसियों में फूटा गुस्सा, विधायक को टिकट नहीं देने की मांग

रायपुर. भाजपा के बाद अब कांग्रेस में भी टिकट से पहले कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है. आज राजीव भवन के बाहर

सरायपाली से बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर किस्मत लाल नंद को टिकट मिला तो हम सब कार्यकर्ता काम नहीं करेंगे. कांग्रेस कार्यकर्ता विधायक किस्मतलाल नंद के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें टिकट नहीं देने की मांग कर रहे. सरायपाली कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विश्वनाथ नायक ने कहा कि विधायक का व्यवहार बहुत ही खराब रहा है. कार्यकर्ताओं को कभी भी तव्वजों नहीं दी गई है. नगर पालिका सभापति हरदीप सिंह रैना ने कहा कि पार्टी की ओर से किसी को भी टिकट दे दी जाए, लेकिन किस्मत लाल नहीं चलेगा.

सीएम भूपेश का बीजेपी के टिकट वितरण करारा तंज

जिसे जनता नकार चुकी है, उस पर ही पार्टी विश्वास दिखा रही

रायपुर । बीजेपी की दूसरी लिस्ट पर सीएम भूपेश बघेल का बयान आया है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली से लौटकर रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैने कहा था जानबूझकर सूची लीक की गई है, जो सूची आई है वो वही सूची है, नाम है जो लीक हुआ था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बीजेपी के रणनीति के तहत हुआ है, ये लीक कराया गया है लीक हुआ नही है। वहीं पुराने चेहरों को टिकट देने पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि जिनको जनता ने पहले नाकार दिया था, चाहे वो अमर अग्रवाल हो, राजेश मूणत हो, प्रेम प्रकाश पांडे हो ये सारे चेहरे जनता ने नाकार दिया था,उसपर बीजेपी ने विश्वास व्यक्त किया है। इनके पास कोई चेहरा नहीं है। जो जिस सीट पर हारे थे उन सारे लोगो को टिकट दिया है। वहीं साजा से ईश्वर साहू को टिकट देने पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि यह लोग लाख कोशिश कर ले यह मुद्दा नहीं हो सकता। बीजेपी किसे टिकट देती है नही देती है उनकी नजरिया है। साजा में बीजेपी के और भी कार्यकर्ता थे। यह विसुध्द रूप से अराजनीतिक व्यक्ति है जिसे टिकट दिया है।

वहीं सांसदों को टिकट देने पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री को दूसरे लोकसभा से टिकट दे रहे है। रेणुका सिंह सांसद सरगुजा से, टिकट सोनहत से दिया है। विष्णुदेव साय रहते है पत्थलगांव में, उन्हे दिया कुनकुरी से टिकट है। गोमती साय रहती हैं कुनकुरी में, उन्हें पत्थलगांव से टिकट दिया है। ओपी चौधरी खरसिया से पलायन कर गये हैं। हारे हुए लोगो में बीजेपी दांव लगा रही है।

परिदृश्यः यह लोकसभा का सेमीफाइनल नहीं, कई नेताओं के राजनीतिक भविष्य की पटकथा लिखेंगे चुनावों के नतीजे

चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों-मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में चुनावी बिगुल बज गया है। इन चुनावों के बारे में जैसा कि अक्सर कहा जा रहा है कि यह अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इन चुनावों को सेमी फाइनल कहा जा सकता है।

मेरा आकलन है कि इन चुनावों के जो भी नतीजे होंगे, उनका असर लोकसभा के चुनावों में परिलक्षित नहीं होगा। पिछली बार का अनुभव इसकी तस्दीक करता है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान-इन तीनों राज्यों में कांग्रेस को अच्छी सीटें मिलीं, लेकिन लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में नतीजे ठीक इसके विपरीत रहे। दूसरी बात, भाजपा ने किसी भी राज्य में अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित नहीं किया है और उसने कलेक्टिव लीडरशिप (सामूहिक नेतृत्व) की बात की है, जबकि कांग्रेस के पास तीन राज्यों-मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में क्रमशः कमलनाथ, भूपेश बघेल और अशोक गहलोत जैसे बहुत स्पष्ट और दमदार चेहरे हैं।

तेलंगाना में भी केसीआर बहुत दमदार नेता हैं। विडंबना देखिए, कि जो भाजपा राष्ट्रीय चुनाव में विपक्षी दलों की इस बात के लिए आलोचना करती है कि उनके पास मोदी से मुकाबला करने के लिए चेहरा नहीं है, वही विधानसभा चुनाव में सामूहिक नेतृत्व की बात करती है और उसके पास राज्यों में मुकाबले के लिए कोई दमदार चेहरा नहीं है। लेकिन असली बात यह है कि इन चुनावों में लड़ाई मोदी बनाम कमलनाथ, मोदी बनाम बघेल, मोदी बनाम गहलोत, मोदी बनाम केसीआर ही होने वाला है।

तीसरी बात यह है कि इन विधानसभा चुनावों का परिणाम मिला-जुला हो सकता है। फिलहाल मध्य प्रदेश में कांग्रेस आगे नजर आ रही है, क्योंकि शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ मतदाताओं में भारी आक्रोश है और सबसे ज्यादा सत्ता विरोधी रुझान इस बार सभी क्षेत्रों में विधायकों के खिलाफ है। कांग्रेस के प्रति लोगों में यह सहानुभूति भी

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की बिसात बिछ गई है, जिसके नतीजे निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे, लेकिन इन चुनावों को लोकसभा चुनाव का सेमी फाइनल नहीं कहा जा सकता है। निश्चित रूप से, इन चुनावों के नतीजे कई नेताओं के राजनीतिक भविष्य की पटकथा लिखेंगे।

है कि उसकी सरकार भाजपा ने गिरा दी थी। छत्तीसगढ़ में भी भूपेश बघेल की स्थिति बेहतर कही जा सकती है। उन्होंने न केवल पार्टी के अंदरूनी असंतोष को खत्म किया, बल्कि टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाकर सरगुजा संभाग की 14 सीटों पर भी अपनी स्थिति मजबूत बना ली। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में उन्होंने नरवा, गरुवा, घुरवा बाड़ी योजना के जरिये विकास का जो मॉडल पेश किया, उससे लोग खुश हैं। इसमें कई योजनाएं हैं, जो लोगों द्वारा पसंद की गई हैं। सरकार द्वारा गोबर खरीदने की योजना से महिलाओं की जिंदगी पर असर पड़ा है और उनके हाथों में पैसा आया है।

अपनी कद्दावर छवि, ग्रामीण जनता से संपर्क, महिलाओं का भरोसा और संस्कृति से जुड़ाव के साथ-साथ बघेल के पक्ष में एक यह बात भी जाती है कि उनके सामने कोई कद्दावर नेता नहीं है, जो उन्हें चुनौती दे सके। राजस्थान में भी विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान है। लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले वर्षों में जो सामाजिक कल्याण योजनाएं चलाई हैं, उसका असर पड़ा है। दूसरी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हस्तक्षेप के बाद अब सचिन पायलट भी शांत हो गए हैं। अब सवाल यह है कि क्या इसका उस हद तक फायदा होगा कि सरकार बनाने लायक सीटें निकाली जा सकें। मुझे यह मुश्किल लग रहा है। हालांकि दूसरी तरफ कोई स्पष्ट चेहरा नहीं है। भाजपा का चेहरा राजस्थान में कौन होगा, इसको लेकर चर्चा तो है, लेकिन वसुंधरा राजे सिंधिया भाजपा का चेहरा तो नहीं ही होंगी। उसी तरह मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान भाजपा का चेहरा नहीं होंगे। इसका संकेत तो भाजपा हाई कमान ने दे ही दिया है। शिवराज चौहान मेहनत कर रहे हैं और उन्हें टिकट भी मिला है, लेकिन भाजपा नेतृत्व उन्हें वहां चेहरा नहीं बना रहा। उसी तरह छत्तीसगढ़ में रमन सिंह सामने नहीं आए, जिसकी अपेक्षा की जा रही थी। राज्यों में भाजपा के पास लीडरशिप की कमी है, लेकिन कहा जा रहा है कि अंतिम क्षण में ध्रुवीकरण का खेल खेला जाएगा। पाठकों को याद होगा कि राजस्थान में कन्हैया लाल नामक एक दर्जी की हत्या हुई थी, जिसका हाल में प्रधानमंत्री ने भी अपनी एक सभा में जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उसी दिन से ऐसा लग रहा है कि राजस्थान में अंदर ही अंदर ध्रुवीकरण चल रहा है। अब यह किस हद तक काम करेगा और कई चुनौतियों को पार करने वाले अशोक गहलोत इससे कैसे निपटेंगे, यह देखने वाली बात होगी। पांच-छह महीने पहले जब मैं तेलंगाना गई थी, तो लोग बीआरएस बनाम भाजपा की बात कर रहे थे, लेकिन पिछले दिनों तेलंगाना में बीआरएस बनाम कांग्रेस की बातें हो रही थीं। यानी कांग्रेस ने वहां अपनी जमीन मजबूत की है, तो भाजपा चर्चा से बाहर हो गई है।

नीरजा चौधरी

संपादकीय

प्राथमिकी से तो सरकार घिरी

प्राथमिकी में इल्जाम है कि श्योमी और वीवो जैसी चीनी कंपनियां भारत में आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन उपलपब्ध कराने का माध्यम बनीं। तो सवाल है कि इन कंपनियों को भारत में कारोबार करने की इजाजत किसने दे रखी है? न्यूजक्लिक के खिलाफ दायर एफआईआर में इस वेबसाइट पर दिल्ली पुलिस ने गंभीर अभियोग लगाए हैं, लेकिन जिन आधार पर इन्हें लगाया गया है, उनसे कई गंभीर सवाल भारत सरकार पर उठ खड़े हुए हैँ। अगर एफआईआर के तर्कों को आगे बढ़ाया जाए, तो यह धारणा बन सकती है कि भारत में आतंकी गतिविधियों को फंडिंग उपलब्ध कराने में सरकार मददगार बन रही है। प्राथमिकी में इल्जाम है कि श्योमी और वीवो जैसी चीनी कंपनियां भारत में आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन उपलपब्ध कराने का माध्यम बनीं। तो सवाल है कि इन कंपनियों को भारत में कारोबार करने की इजाजत किसने दे रखी है? ये कंपनियां न्यूज चैनलों को करोड़ों रुपए के विज्ञापन देती रही हैं और उनमें से एक तो कुछ वर्ष पहले तक क्रिकेट के सबसे टॉप ब्रांड आईपीएल की स्पॉन्सर थी। यहां तक कि कुछ कंपनियों ने पीएम केयर फंड में चंदा दिया। तो जिस आधार पर न्यूजक्लिक पर कार्रवाई हुई है, क्या उससे उपरोक्त तमाम संस्थाएं और उनके प्रबंधक भी नहीं घिर जाते हैं?एफआईआर में यह अजीब दलील है कि किसान आंदोलन का समर्थन आतंकवादी गतिविधि का हिस्सा था। फिर यह कि कोरोना महामारी के दौरान भारत में जैसी अफरातफरी देखने को मिली, उसकी चर्चा करना देश के खिलाफ किसी बड़ी साजिश का हिस्सा था।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावः क्या चुनावी रेवड़ियां बनेंगी सत्ता में वापसी की चाभी?

लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल कहे जाने वाले राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान हो गया है। हिंदी पट्टी के राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही होना है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

साढ़े नौ साल से केंद्र की सत्ता में रहने के बाद नरेंद्र मोदी के लिए यह चुनाव लिटमस टेस्ट से कम नहीं होगा। यह चुनाव इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि सभी राज्यों में सरकारों ने लोक लुभावन घोषणाएं करने के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इन चुनावों में फ्रीबीज या चुनावी रेवड़ियों की भी परीक्षा होने वाली है। विपक्ष के जातीय जनगणना के दांव पर जनता का रुख भी इन चुनावों में पता चलने वाला है।

राज्यवार बात करें तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले पांच साल से अपनी कुर्सी को बचाते आ रहे हैं। पांच साल में कई ऐसे अवसर आए, जब लगा कि गहलोत की सरकार गिर जाएगी। वर्ष 2020 में ठीक कोरोना के बीच कांग्रेस में बगावत हो गई थी। राजनीति के जादूगर अशोक गहलोत की सूझबूझ से सरकार बच तो गई, लेकिन मुख्यमंत्री निर्दलीय विधायकों पर आश्रित होकर रह गए। उसी का

साढ़े नौ साल से केंद्र की सत्ता में रहने के बाद नरेंद्र मोदी के लिए यह चुनाव लिटमस टेस्ट से कम नहीं होगा। यह चुनाव इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि सभी राज्यों में सरकारों ने लोकलुभावन घोषणाएं करने के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

नतीजा था कि मुख्यमंत्री गवर्नेंस से ज्यादा विधायकों को खुश करने में जुटे रहे। चुनाव से ठीक छह महीने पहले गहलोत ने लोकलुभावन घोषणाओं की झड़ी लगा दी। बिजली बिल माफी से लेकर मुफ्त मोबाइल बांटने तक शायद ही कोई सेक्टर होगा, जिसके लिए गहलोत ने घोषणा न की हो। 33 से बढ़ाकर 53 जिले तक कर दिए गए। जाति के आधार पर बोर्ड बना दिए गए। गहलोत जहां अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर सत्ता में वापसी का दम भर रहे हैं, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, पेपरलीक, तुष्टिकरण जैसे मुद्दों को आधार बना रही है। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई में आपसी प्रतिद्वंद्वता के चलते चुनाव नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ा जा रहा है।

राजस्थान में गहलोत बनाम मोदी

रोचक बात यह है कि राजस्थान से कांग्रेस का गांधी परिवार नदारद है। चुनाव गहलोत बनाम मोदी का बन गया है। पिछली बार कांग्रेस को सत्ता तक लाने वाले सचिन पायलट मौन हैं तो भाजपा की स्टार नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को पार्टी में दरकिनार कर दिया गया है। राजस्थान में पिछले तीन दशक से हर पांच साल पर सत्ता बदलती आ रही है। 3 दिसंबर को पता चलेगा कि रिवाज बदलेगा या नहीं। मध्य प्रदेश में वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी की कांग्रेस से चंद सीटें कम रह गई थीं। कांग्रेस ने युवा ज्योतिरादित्य सिंधिया की जगह अनुभवी कमलनाथ को सत्ता की बागडोर सौंप दी थी, लेकिन सिंधिया की बगावत के चलते भारतीय जनता पार्टी पुनः सत्ता में आई। शिवराज सिंह चौहान फिर मुख्यमंत्री बने, लेकिन मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने के कयास चलते रहे। अभी भले चुनाव शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते हुए लड़ा जा रहा है, लेकिन यदि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में लौटती है तो उन्हीं को कुर्सी मिलेगी, इसका कोई स्पष्ट संकेत पार्टी की ओर से नजर नहीं आ रहा है।

मिला जुला

राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़, तेलंगाना... किस प्रदेश में किन मुद्दों पर वोट मांग रहे मोदी

छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, और तेलंगाना समेत पांच राज्यों के चुनाव कार्यक्रम का ऐलान हो चुका है. पांचों राज्यों में कहीं एक, कहीं दो चरण में वोट डाले जाएंगे. मतदान की तारीखें अलग-अलग हैं लेकिन नतीजों की तारीख एक. पांचो राज्यों के चुनाव नतीजे 3 दिसंबर को आने हैं. चुनाव के लिए तारीखों के ऐलान के साथ ही चुनावी राज्यों में सियासी हलचल तेज हो गई है.

14 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच प्रधानमंत्री मोदी की राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तीन-तीन रैलियां हो चुकी हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना भी एक जनसभा को संबोधित कर चुके हैं. पीएम मोदी ने राजस्थान के जोधपुर की रैली में फिल्म वैक्सीन वॉर का जिक्र कर भी कांग्रेस को घेरा. प्रधानमंत्री इन चुनावी राज्यों में किन मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं?

सनातन

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की डेंगू और मलेरिया से तुलना करते हुए कहा था कि हमें इसे मिटाना है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियांक खड़गे ने भी उदयनिधि स्टालिन के रुख का समर्थन करते हुए कहा था कि जो धर्म असमानता को बढ़ावा दे, वह बीमारी ही है. बीजेपी इन बयानों को भी चुनावी मुद्दा बना रही है.

महिला आरक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान से लेकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक महिला आरक्षण बिल के जरिए कांग्रेस को घेरा. पीएम मोदी ने जयपुर की रैली में कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगियों को महिला आरक्षण का विरोधी बताया और कहा कि विपक्ष ने दबाव में इस बिल का समर्थन किया.

भ्रष्टाचार

पीएम मोदी चुनावी राज्यों के अपने हर कार्यक्रम में भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधना नहीं भूलते. पीएम ने राजस्थान में कहा कि अशोक गहलोत अपनी कुर्सी बचाने में लगे रहे और आधी कांग्रेस कुर्सी खींचने में. लेकिन राजस्थान को लूटने में कांग्रेस एकजुट नजर आई. कांग्रेस ने पांच साल राजस्थान को लूटा है.

पर्चा लीक और रोजगार

प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान की हर रैली में पर्चा लीक के मामलों को लेकर गहलोत सरकार को घेर रहे हैं. पीएम मोदी ने जोधपुर की रैली में कहा कि बेरोजगारी भत्ता का वादा कर जो लोग सत्ता में आए, पर्चा लीक माफिया पर सरकार छोड़ दी है.

आप विधायक अमानतुल्लाह खान के परिसरों ईडी पर की छापेमारी

आम आदमी पार्टी के दिल्ली से ओखला के विधायक अमानतुल्लाह खान के घर श्वष्ठ छापेमारी कर रही है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान के परिसरों पर छापे मारे. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. अमानतुल्लाह दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, उनके तथा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन के एक मामले की जांच की जा रही है.

ईडी धन शोधन रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत परिसरों की तलाशी ले रही है. संघीय जांच एजेंसी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में गैरकानूनी नियुक्तियों से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी और दिल्ली के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) की एक प्राथमिकी पर संज्ञान लिया है. विधायक अमानतुल्लाह खान दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष हैं. दिल्ली वक्फ बोर्ड वित्तीय अनियमितता मामले में सीबीआई और दिल्ली सरकार की एसीबी दोनों ने अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं. अमानतुल्लाह खान को पिछले साल एसीबी ने गिरफ्तार किया था. तलाशी के दौरान कुछ डायरियां बरामद हुईं. ये डायरियां अमानतुल्लाह खान के करीबी लड्डन खान के यहां बरामद हुई. डायरियों में हवाला के जरिए लाखों के लेनदेन का जिक्र था. इनमें से अधिकांश लेनदेन अवैध मनी लॉन्ड्रिंग लेन देन थे, कुछ लेन देन विदेश के भी थे. एसीबी ने अपनी जांच ईडी से साझा की थी.

शोपियां में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, लश्कर के 2 आतंकी ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में सोमवार देर रात आतंकियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ शुरू हो गई। सोमवार की देर रात यह मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने आतंकियों का मुकाबला किया। एनकाउंटर के दौरान सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। एनकाउंटर के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। भारतीय सुरक्षा बल और पुलिस पूरी ताकत से आतंकियों से मुकाबला करने में लगे हुए हैं। कश्मीर पुलिस जोन ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि शोपियां के अलशीपोरा इलाके में मुठभेड़ चल रही है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाल रखा है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है। दोनों की पहचान आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूक उर्फ अबरार के रूप में की गई है। कश्मीर जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकवादी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में भी शामिल था। बता दें कि आतंकियों ने इसी साल 26 फरवरी को पुलवामा के अच्छन गांव में कश्मीरी पंडित संजय शर्मा को गोली मारकर हत्या कर दी थी। संजय शर्मा घाटी में एक बैंक में बैंक गार्ड के तौर पर कार्यरत थे। इसके बाद कश्मीर में कई विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। इससे पहले सेना ने 4 अक्टूबर को दो आतंकवादियों को मार गिराया था। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के साथ सेना और पुलिस की मुठभेड़ शुरू हुई थी और उसके बाद सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी थी। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान हिजबुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादियों को मार गिराया था।

गाड़ी में भाग रहे हथियारबंद आतंकियों को इजरायली पुलिस ने बीच सड़क पर घेरकर मारा

हमास के हमलों के बाद से इजरायल की तरफ से भी जवाबी कार्रवाई जारी है. सोशल मीडिया पर इस जंग के कई दिल दहलाने वाले वीडियो सामने आ रहे हैं. इस बीच इजरायल पुलिस की तरफ से एक वीडियो एक्स पर शेयर किया गया है. जिसमें पुलिस और सीमा पुलिस अधिकारियों ने गजब की बहादुरी दिखाई. दरअसल इस वीडियो में देखा जा सकता है कि दो हथियारबंद आतंकियों को पुलिस और सीमा पुलिस अधिकारियों ने मार गिराया. सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करते हुए इजरायल पुलिस ने लिखा, पुलिस और सीमा पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को नेटिवोट के बाहर वीरतापूर्वक दो हथियारबंद आतंकवादियों को मार गिराया. हम अपने नागरिकों को आतंक से बचाने के लिए अग्रिम मोर्चे पर काम करना जारी रखेंगे. सोशल मीडिया पर जो वीडियो शेयर किया गया है, उसमें साफ दिख रहा है कि दोनों हथियार बंद आतंकियों का पुलिस ने कितनी हिम्मत से मुकाबला किया और उन्हें मार गिराया.

दिल्ली-एनसीआर में आज बारिश का अनुमान, बढ़ेगी ठंड, जानें सप्ताहभर कैसा रहेगा मौसम का हाल

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में दोपहर के तापमान में पिछले कुछ दिनों से बढ़ोतरी देखी जा रही थी। लोगों को अब इससे राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने बड़ा अपडेट दिया है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर का मौसम करवट बदल सकता है। यहां हल्के बादल छाए रहेंगे, इसके साथ ही हल्की बारिश होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के इस अपडेट के बाद दिल्ली-एनसीआर में ठंड बढ़ने की भी संभावनाएं बढ़ गई हैं। इसके साथ ही मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भी बारिश की संभावना जताई है। वहीं हिमाचल में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

बारिश के बाद बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के मुताबिक बारिश के बाद तापमान के और नीचे जाने की संभावना है। दिल्ली में सोमवार को तापमान 23.1 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि, दोपहर में धूप बढ़ने के साथ-साथ तापमान में भी वृद्धि देखी गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली के कई इलाकों में बादल छाए रहेंगे। हालांकि, मौसम विभाग ने हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

गाजा पट्टी के आसपास 1,500 हमास आतंकियों के शव मिले - इज़रायली सेना

इजराइली सेना ने कहा कि हमास के खिलाफ अभियान में गाजा की संसद और असैन्य मंत्रालय उसके निशाने पर हैं. इज़रायल और हमास के बीच जारी जंग के दौरान मरनेवालों की संख?या में लगाजार इजाफा हो रहा है. अभी तक दोनों ओर जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसका कोई आंकड़ा तो सामने नहीं आया है, लेकिन इज़रायली सेना का कहना है कि गाजा पट्टी के आसपास 1,500 हमास आतंकियों के शव मिले. इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने कहा है कि कई फ़िलीस्तीन बंदूकधारी हमलावर अब भी इज़रायल में मौजूद हैं.

मतदाताओं को लुभाने एवं मतदान को प्रभावित करने वाले सामग्रियों पर करें सख्त कार्यवाही

मतदान प्रक्रिया समाप्ति तक रेलवे पुलिस करें ट्रेनों की चेकिंग, अवैध शराब के परिवहन, भण्डारण पर कार्यवाही करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात प्रवर्तन कार्रवाई टीम की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जिले में आज से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी हैं। जिसके तहत रायगढ़ जिले में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए आगामी 17 नवम्बर 2023 को मतदान की तिथि निर्धारित है। ऐसे में मतदाताओं को लुभाने, प्रभावित करने वाले सामग्रियों पर सख्ती से कार्यवाही करें। जिससे जिले के विधानसभाओं में स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त निर्वाचन का कार्य संपन्न हो सके।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिन्हा ने आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रायगढ़ जिला ओडिशा बॉर्डर से लगा हुआ है, लिहाजा इन क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ सघन जांच की कार्यवाही करें। उन्होंने आबकारी विभाग को जिले में अवैध शराब परिवहन, भंडारण पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के बॉर्डर से किसी भी प्रकार का अवैध परिवहन नहीं होना चाहिए। कलेक्टर सिन्हा ने जीएसटी विभाग से जिले में स्थित वेयर हाउस, गोडाउन के संबंधित जानकारी लेते हुए गारमेंट्स, किचन सामग्री, स्पोर्ट्स समान के अवैध भंडारण की मौके स्थल पर जांच की कार्यवाही करें। उन्होंने रेलवे पुलिस को रेल द्वारा आगामी निर्वाचन को प्रभावित करने वाले सामग्रियों के परिवहन पर कड़ी निगरानी के साथ जांच कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रेल की जांच एवं राज्य की सीमा स्थित स्टेशनों पर मुस्तैदी के साथ चेकिंग की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में त्योहारी सीजन प्रारंभ होने वाली है, लिहाजा व्यापारियों से जांच के नाम पर अनावश्यक परेशान न करते हुए कार्यवाही करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिन्हा ने कहा कि जिला खनन क्षेत्र है, इसलिए प्रभावशील कार्यवाही जारी रखें। उन्होंने कहा सभी विभागों से कार्यवाही की रेगुलर रिपोर्टिंग करने के साथ आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए ताकि कार्यवाही में आसानी हो।

उन्होंने कहा कि जिले में आगामी 21 से 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का समय हैं। राज्य के प्रथम चरण में होने वाले विधानसभा से मार्गदर्शन लेने, शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सभी अधिकारी निर्वाचन का कार्य को प्राथमिकता से करेंए किसी प्रकार के अन्य कार्यों की समीक्षा नहीं करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा की कोई भी शासकीय गेस्ट हाउसए रेस्ट हाउस में राजनीति प्रतिनिधियों को बैठक, समीक्षा न हो यह सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों के साथ नगरीय निकाय के अधिकारियों को राजनीतिक प्रचार-प्रसार से संबंधित पोस्टर बैनर को हटाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, जिला आबकारी अधिकारी रामकृष्ण मिश्रा, परिवहन अधिकारी, दुष्यंत रायस्त वाणिज्यिक कर, जीआरपी/आरपीएफ , खनिज सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आदर्श आचार संहिता लागू

छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के उल्लंघन पर होगी दण्डनीय कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है तथा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रायगढ़ जिले में आदर्श आचार संहिता भी प्रभावशील हो चुकी है। निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये शासकीय/अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडिया लगाई जाती है, जिसके कारण शासकीय/अशासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम धारा के तहत निर्देशित किया है कि कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खडिया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा, वह जुर्माने से जो एक हजार रूपया तक का हो सकेगा। दण्डनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपत्ति विरूपण के संदर्भ में राज्य में प्रचलित विधि के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्यवाही किया जाना है। छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाये। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा शासकीय एवं अशासकीय भवनों की दीवालों पर किसी भी प्रकार के नारे लिख कर विकृत किया जाता है, तो ऐसे कृत्यों के निवारण के लिये एक टीम तत्काल प्रभाव से गठित की जाये। इस टीम में नगरीय निकाय नगरपालिक निगम, नगर पंचायत लोक निर्माण विभाग तथा राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मिलित किया जाये।

वार्ड नंबर 2 के पार्षद नीतू सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के धरना प्रदर्शन कर किया घेराव

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रतनपुर वार्ड 2 के पार्षद नीतू सिंह के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने नगर पालिका का घेराव कर दिया। सीएमओ कक्ष के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया एवं ठेकेदार सहित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया यहां बताना लाजमी है कि वार्ड नंबर 2 की पार्षद नीतू सिंह भाजपा की पार्षद हैं और वही इस निकाय में अध्यक्ष उपाध्यक्ष भी भाजपा के ही हैं फिर भी वार्ड उपेक्षित है और यही हाल रतनपुर के सभी वार्डों में है जहां पर कुछ काम नहीं हो पा रहा है लेकिन वार्ड नंबर 2 गांधीनगर में 3 महीने पहले से ठेकेदार को नाली व सीसी रोड का वर्क आर्डर मिला है और ठेकेदार अधूरा काम को छोड़कर बहाने बाजी करते हुए काम नहीं कर रहा है इसके विरोध में पूरे वार्ड वासी जिसमें अधिकतर महिलाएं, वार्ड पार्षद के साथ नगर पालिका का घेराव करने नगर पालिका ऑफिस पहुंच गए जहां पर सीएमओ एचडी रात्रे के सामने अपनी बात रखी और उन्हें अपना ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में वार्ड वासियों ने मांग की है कि ठेकेदार सुरेंद्र मिश्रा को ब्लैक लिस्टेड किया जाए और जो अधूरा काम है उसे किसी अन्य ठेकेदार से जल्द से जल्द कराया जाए, सीएमओ ने भी उनकी मांगों पर आश्वासन दिया है जिस पर सीएमओ एचडी रात्रे ने आवेदन लेते हुए कहा कि हमारे द्वारा ठेकेदार को भी दो बार नोटिस दिया जा चुका है क्योंकि कार्य अवधि पर काम नहीं करने के कारण और लोगों की मांग को देखते हुए ठेकेदार सुरेंद्र मिश्रा के द्वारा निकाय में जो भी कार्य किया जा रहा हैं उनके भुगतान को रोका जाएगा। और ठेकेदार को ब्लैक लिस्टिंग करने के लिए पीडब्ल्यूडी को लेटर लिखा जाएगा। और अधुरे काम को दूसरे ठेकेदार से पूरा कराया जाएगा।

समस्त शस्त्र लायसेंसियों को नजदीकी पुलिस स्टेशन में 7 दिवस के भीतर जमा करना होंगे अपने अस्त्र-शस्त्र

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन.2023 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने विधानसभा निर्वाचन.2023 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा एवं आम व्यक्ति की सुरक्षा की दृष्टि से सीमित अवधि के लिए रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करवाने के निर्देश दिए है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा इन शस्त्रों के संभावित दुरूपयोग को रोका जा सके। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आयुध अधिनियम की धारा के तहत रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्र में रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियों को आदेशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र.शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 07 दिवस के अंदर जमा करायें, इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र संबंधित शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने अनुज्ञप्ति है, वहां भी जमा कर सकते है, जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे। संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत् सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्डध्वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 33 में लायसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। वे सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हें इस आदेश से मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी।

एक नजर

निर्वाचन कार्य में लापरवाही कलेक्टर सिन्हा ने दो कर्मचारियों को किया निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने शिक्षक डाईट धरमजयगढ़ मुलाराम भगत एवं सहायक ग्रेड-3 धनीराम राठिया को निर्वाचन प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में दोनों कर्मचारियों को अनुविभागीय अधिकारी रा.कार्यालय धरमजयगढ़ में अटैच किया गया है। शिक्षक डाईट धरमजयगढ़ मुलाराम भगत एवं सहायक ग्रेड-3 धनीराम राठिया वन परिक्षेत्र कापू को विधानसभा क्षेत्र.19 धरमजयगढ़ अंतर्गत मतदान दल में ड्यूटी लगाया जाकर प्रशिक्षण के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल धरमजयगढ़ में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। दोनों कर्मचारियों द्वारा निर्वाचन प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है।

विधानसभा आम निर्वाचन.2023

कलेक्टर के बिना अनुमति अवकाश पर नहीं जायेंगे शासकीय अधिकारीध्कर्मचारी

आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा 9 अक्टूबर को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की घोषणा की जा चुकी है। जिसके फलस्वरूप रायगढ़ जिले के 4 विधानसभाओं में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में पदस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने अधिकारी.कर्मचारियों से कहा है कि कलेक्टर के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा अपने निर्धारित मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे। निर्वाचन कार्य में उनकी आवश्यकता पड़ने पर अल्प सूचना में उन्हें उपस्थित होना होगा।

राज्यस्तरीय वॉलीबॉल टीम में शासकीय महाविद्यालय लैलूंगा के छात्र का चयन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

शासकीय संत गहिरा गुरु रामेश्वर महाविद्यालय, लैलूंगा के बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र, बजरंग गुप्ता का चयन राज्यस्तरीय वॉलीबॉल टीम में चयन हुआ है। क्रीड़ा अधिकारी मोहित कुमार सहायक प्राध्यापक, के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की टीम, उत्तम मेमोरियल कॉलेज रायगढ़ में सम्पन्न सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस टीम से बजरंग गुप्ता का चयन राज्यस्तरीय वॉलीबॉल टीम में हुआ। छात्र के चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकगण और कर्मचारीगण द्वारा उनकी इस सफलता के लिए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन.2023 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने विधानसभा निर्वाचन.2023 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपादन के लिए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को प्रतिबंधित किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा निर्वाचन की समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचन प्रचार.प्रसार के लिए चलित वाहनों आदि में लाउड स्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा।

आपरेशन निजात के तहत रतनपुर पुलिस ने की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

9 लीटर कच्ची महुआ शराब व 32 पाव देशी प्लेन शराब सहित 02 आरोपी गिरफ्तार। जिले में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा चलाये जा रहे नशे के विरूद्ध आपरेशन निजात कार्यवाही पुरे बिलासपुर जिले में की जा रही है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, कोटा के मार्गदर्शन में थाना रतनपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा हैं इसी कड़ी में 08 अक्टूर 2023 के मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम कडरी में एक व्यक्ति अपने घर के बाड़ी में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब तथा बुढ़ामहादेव मंदिर के पास रतनपुर का एक व्यक्ति अपने घर के ऑंगन में भारी मात्रा में देशी प्लेन शराब बिक्री हेतू रखा हैं कि सूचना पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी द्वारा दो अलग-अलग टीम गठित कर मुखबीर के बताये दोनों स्थानों में जाकर उक्त व्यक्तियों के घर के पास रेड कार्यवाही करने पर ग्राम कडरी में कंवल सिंह खैरवार के पास से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब व शराब बिक्री रकम 150 रूपये रखे मिला व बुढ़ामहादेव मंदिर रतनपुर निवासी संतोष जायसवाल के घर ऑंगन में 32 पाव देशी प्लेन शराब व शराब बिक्री रकम 320 रूपये रखा मिलास जिस पर उक्त आरोपियों के विरूद्ध धारा 34;2, आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी,कंवल सिंह खैरवार पिता स्व. हीरा सिंह निवासी कडरी,संतोष जायसवाल उर्फ पिन्टू पिता स्व. दशरथ जायसवाल निवासी बुढ़ामहादेव मंदिर के पास रतनपुर थाना रतनपुर जिला बिलासपुर छग।

महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारम्भ आज, एक सप्ताह तक होंगे विविध आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5147 वीं जयंती के तहत विविध आयोजन व प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ आज श्री अग्रवाल सभा के आतिथ्य में अग्रोहा भवन में प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश महलवाला व सचिव सुनील अग्रवाल ने बताया कि अग्रवंश की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप भगवान श्री अग्रसेन जी की जयंती 15 अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जायेगी। इसके एक सप्ताह पूर्व सभी अग्रजों के लिए आकर्षक प्रतियोगिताएं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन अग्रोहा भवन में किया जा रहा है। अग्रवाल महिला मंडल व अग्रवाल नव युवक समिति द्वारा पावन महोत्सव पर्व को गरिमामय बनाने के बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आज आठ अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक प्रतिनिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें अग्र प्रतिभा सम्मान 2023-24 के साथ महाराजा अग्रसेन के विशाल शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया है। इस वर्ष जयंती के अवसर पर क्रिकेट के एपीएल का आयोजन अग्रवाल नव युवक समिति के द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में स्वस्थ्य शिशुए म्यूजिकल चेयर, रिंग सेरेमनी की ट्रे सजाओ, मटका फोड़, सामान्य ज्ञान, गिलास गिराओ, सिक्का डालो, फैंसी ड्रेस, कैरम, पाईपोमेनिया, तीन पहिया साइकिल रेस, रंगोल, कुर्सी दौड़, वेशभूषा प्रतियोगिता, वाट्स इन द रूम, लक बाई चांस, डांस, सब्जियों के गहने बनाओ, रानी सत्ती दादी का स्वरूप व पाटा, धार्मिक क्वीज, पास टू पास, स्टूडेंस ऑफ द इयर, पेपर गेम, भजन पर रील बनाओ, जोड़ी नम्बर-1, मेंहदी, पेंसिल गेम, सिंगल विकेट, बहू हमारी सब पर भारी, केबीसी, बैलून गेम, रिंगा रिंगा रोसेस, एडवरटाईजमेंट के टैगलाईन से ब्रांड का नाम पहचानो, एक से भले दो, हाऊजी, एक मिनट, पॉलीटिकल क्वीज, बच्चों की ड्राईग, गुरड़िया चलो, जोर लगाओ, ट्रेजर हंट व माला प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिदिन एक सप्ताह तक होना है। जयंती के प्रमुख आकर्षणों में से एक आनंद मेले का आयोजन 13 अक्टूबर को आकर्षक कार्यक्रम व विशेष पुरस्कार के साथ भव्य रूप से आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अमृत लाल अग्रवाल, सचिव राजेश महलवाला, कोषाध्यक्ष सुशील गोयल, महिला मंडल की अध्यक्ष विजया गर्ग, सचिव सोनू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कनकलता गोयल, अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष गौरिश जिंदल, सचिव सीए स्वयं गोयल व गौरव महलवाला, कोषाध्यक्ष कान्हा गर्ग के साथ अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्ष ममता गर्ग, मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा की अध्यक्ष ललीता अग्रवाल सहित प्रवेश गोयल, मुकेश गर्ग, संजय केजरीवाल, प्रमोद तायल, अंकुर गर्ग, राहुल अग्रवाल, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल, कान्हा जिंदिया, रजत अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, ताराचंद अग्रवाल, हर्षवधन अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल सहित समाज की सभी संस्थाओं के सदस्य व पदाधिकारी महोत्सव की सफलता व तैयारियों में जुटे हैं।

निष्पक्ष, पारदर्शी और शांति पूर्ण चुनाव कराना प्राथमिकता-कलेक्टर

पेड न्यूज,राजनीतिक विज्ञापन सहित सोशल मीडिया पर चुनावी प्रचार की होगी मॉनिटरिंग,जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ हुई मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि कोरबा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभावशील हो गई है। जिले की चार विधानसभा क्रमशः 20.रामपुर, 21.कोरबा, 22.कटघोरा और 23.पाली,तानाखार के चुनाव हेतु 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगी। नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवंबर, मतदान की तिथि 17 नवंबर और मतगणना 03 दिसंबर को की जायेगी। विधानसभा चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया 05 दिसंबर तक पूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले के सभी चारों विधानसभाओं में निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराना प्राथमिकता रहेगी।

जिले में 09 लाख 18 हजार से अधिक मतदाता

कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोरबा जिले के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 04 अक्टूबर को की गई थी। जिले में 1080 मतदान केंद्र है। 04 अक्टूबर की तिथि में मतदाताओं की संख्या विधानसभा रामपुर में 220896, कोरबा में 254743, कटघोरा में 214658, पाली तानाखार में 228061 है। जिले में 459080 पुरूष मतदाता, 459238 महिला मतदाता, 40 ट्रांसजेंडर मतदाता, कुल मतदाता 918358 है।

कोरबा में विधानसभा चुनाव की पर्याप्त तैयारी

विधानसभा निर्वाचन को लेकर जिले में पर्याप्त तैयारी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों को जिले में विधानसभा निर्वाचन के संबंध में की गई तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चारों विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संपन्न कराने हेतु चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार टीम गठित करने के साथ प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

बिना अनुमति पोस्टर लगाना,नारा लेखन प्रतिबंधित

कलेक्टर ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता लागू होने के साथ ही शासकीय खर्च से लगाये गये समस्त होर्डिंग व प्रचार सामाग्री हटाने की कार्यवाही जारी है। साथ ही साथ सार्वजनिक स्थानों पर लगाये गये समस्त प्रकार की प्रचार सामाग्री, फ लेक्स, होर्डिंग को हटाये जाने की कार्यवाही जारी है। छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम अंतर्गत निर्वाचन प्रायोजन हेतु लाउड.स्पीकर या किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे के मध्य प्रतिबंधित रहेगा। शासकीयध्गैर शासकीय व निजी भवनों में भवन मालिक के अनुमति के बिना प्रचार संबंधी नारा लेखन या पोस्टर लगाना प्रतिबंधित होगा।

विज्ञापनों की होगी सतत मॉनिटरिंग

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिये भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार हेतु मापदंड की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज की मानिटरिंग की जायेगी। पेड न्यूज होने पर उसकी जानकारी समिति द्वारा रिटर्निंग आफि सर को दिया जायेगा। रिटर्निंग आफि सर द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जायेगा। जिले में गठित एमसीएमसी द्वारा इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, सोशल मीडिया आदि पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों की सत्त मानिटरिंग की जायेगी। विज्ञापन प्रकाशित होने पर जो भी खर्च है उसे अभ्यर्थी के खाते में जोड़ा जायेगा।

सामान्य जन-जीवन न हो प्रभावित, इस दिशा में कार्य करेंगे

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशों के अनुसार जिले में निर्वाचन का कार्य संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान होने वाले तीज त्यौहारों में जिले के आम नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या न हो और सामान्य जन-जीवन प्रभावित न हो इस दिशा में कार्य किए जाएंगे। उन्होंने अधिक मात्रा में नगदी न रखने एवं सामान लेकर चलने वाले व्यापारियों, आम नागरिकों को सामानों का बिल रखने तथा आवश्यक दस्तावेज भी साथ लेकर चलने के लिए कहा है। कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए सी.विजील एप्लीकेशन के माध्यम से सूचना देने तथा कंट्रोल रूम/हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा 07759.224608 में दर्ज कराने की जानकारी दी। उन्होंने आदर्श आचरण संहिता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार मतदाताओं को अपने क्षेत्र के उम्मीदवार को जानने के लिए नो यॉर कैन्डिडेट मोबाइल ऐप, विभिन्न प्रकार की अनुमतियों के लिए सुविधा ऐप, निर्वाचन प्रक्रिया हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी, दिव्यांग मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी प्रदान की। बैठक में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर दिनेश नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, जिला जनसंपर्क अधिकारी कमलज्योति जाहिरे, मास्टर ट्रेनर्स डॉ. एमएम जोशी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुरजीत सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भीम आर्मी जिला अध्यक्ष एवं सेमराडीह के ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव के ऊपर भ्रष्ट्राचार के आरोप पर शिकयत करने बिलाईगढ़ पहुंचे

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत बिलाईगढ़
जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)

जोहार छत्तीसगढ़- कसडोल।

ग्राम पंचायत छपोरा आश्रित ग्राम सेमराडीह के सरपंच सीतल यादराम हिरवानी एवं ग्राम पंचायत सचिव चितरंजन केंवट द्वारा सेमरडीह गांव में अनेकों स्वीकृत कार्यों को अभी तक प्रारंभ नहीं किया जा रहा जबकि ग्राम पंचायत उपसरपंच एवं पंचों का कहना है कि प्रथम किश्त की राशि आहरण कर चुके हैं। पिछले एक साल से अधिक समय हो गया है कार्यों के राशि आहरण किए, जिसका कार्य 09 अक्टूबर 2023 तक चालू तक नहीं किया गया है स जिस कारण ग्रामीण को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गलियों में नलों की गंदी पानी के बहने से गली में चलना भी दुभर है। ग्राम सेमराडीह में पानी टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं नल-जल योजना का कार्य के लिए पाइपलाइन हेतु गली में खुदाई किया गया है जिसके कार्य को रोक दिया गया है। जिस कारण गली में पानी बहने लगे है। जिससे ग्रामीण आक्रोशित होकर अनेकों बार सरपंच सचिव के पास शिकायते करके अधूरे कार्यों को पूरा करवाने के लिए आग्रह किए लेकिन सरपंच सचिव द्वारा ग्रामीणों को अश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता था स जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने भीम आर्मी जिला अध्यक्ष आपुर बंजारे के सहयोग से बिलाईगढ़ पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तहसील कार्यालय बिलाईगढ़ के समक्ष आवेदन देकर कार्यों को पुर्ण करवाने हेतु सचेत किए, तत्पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के समक्ष आवेदन देकर कार्यों को जल्द करवाने का आग्रह किए।

उपसरपंच एवं पंचों द्वारा कथन ग्राम सेमराडीह में निम्न कार्य स्वीकृत है

सीसी निर्माण कार्य स्वीकृत है जिस कार्य को अभी तक चालू नहीं किया जा रहा है। ग्राम सेमराडीह में नाली निर्माण कार्य स्वीकृत है जिसको अभी तक चालू नहीं किया गया है। ग्राम सेमराडीह के लिए मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए रोड निर्माण कार्य स्वीकृत है। ग्राम सेमराडीह में गौठान कार्य अधूरा है।

इन सभी कार्यों का जांच कराकर कार्य को पूर्ण करवाने की और सरपंच, सचिव के ऊपर उचित कार्यवाही करवाने की मांग करने ग्रामीणों और भीम आर्मी के साथियों द्वारा प्रशासन को अवगत कराया गया।

जहां भीम आर्मी जिला अध्यक्ष आपुर बंजारे, बिलाईगढ़ ब्लॉक प्रभारी अमन कुमार, बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष शुशील अनंत, बिलाईगढ़ मिडिया प्रभारी लोकेश प्रेमी के साथ में ग्राम पंचायत छपोरा उपसरपंच . सनकुमार, पंच कन्हैया केवट, पंच रोहित कुमार निराला, पंच गोरेलाल निराला, पंच चंद्र कुमार निराला, ग्राम पटेल झाड़ूराम खूंटे, सदस्य. उतरा कुमार खूंटे,लोकेश प्रेमी, अमित निराला, देस कुमार, अजय, बसंत, भुनेश्वर, संतोष, यशवंत, सखीराम, तड़ेश्वर, बरात राम, अघनु राम, देवप्रसाद, भुंजबल, रमेश कुमार, अशोक खूंटे, खोलबहरा, मोहन केवट, जागेश्वर, रामकुमार केवट, इतवारी, बद्री प्रसाद, रामफ ल जोशी, संजय कुमार, पुनिराम, संपथ लाल, भीखम, जीवन, समेलाल, रवि निराला, मोतीलाल, बहादुर, महेंद्र निराला, मुकेश निराला, आशीष निराला, नितेश निराला, मनोज कुमार निराला, विकाश निराला एवं अन्य सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

कलेक्टर सिन्हा ने नोडल अधिकारियों को दी आदर्श आचार संहिता की विस्तृत जानकारी

छत्तीसगढ़ शासन
भारत के भाग्य विधाता

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

भारत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की घोषणा पश्चात आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने एवं प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने एवं निष्पक्ष रहने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय अधिकारी निर्वाचन कार्यों के अलावा किसी भी प्रकार की योजनाओं से जुड़े समीक्षा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान जो कार्य प्रारंभ हो चुके हैं, वे कार्य जारी रहेंगे एवं उसकी राशि आबंटन होगी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने विभागीय टेंडर प्रक्रिया नहीं करने एवं राजस्व विभाग को भूमि आवंटन तथा विस्थापन के कार्य नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रकार की भर्ती प्रक्रिया में रोक तथा स्थानांतरण पश्चात कार्यभार ग्रहण नहीं कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यालयों एवं योजनाओं से संबंधित वस्तुओं से राजनैतिक दलों के व्यक्तियों की छाया चित्र हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोस्टर बैनर के छपाई में मुद्रक का नाम पता के साथ प्रतियों की संख्या उल्लेखित हो सुनिश्चित किया जाए। मतदान से 48 घंटे पूर्व शराब बिक्री प्रतिबंधित करने के निर्देश आबकारी को दिए। इस दौरान उन्होंने आरईएस को कहा कि जिन स्कूलों को मतदान केंद्र बनाया गया है उन्हें अतिशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें, साथ ही मतदान केंद्रों में आवश्यक जानकारी लेखन का कार्य पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने निर्वाचन में वाहनों की संख्या की जानकारी लेते हुए, निर्वाचन में ड्यूटी में संलग्न ड्राइवर एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के लिए निर्देशित किया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डीएफओ सुश्री स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर डी.एस.रात्रे, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए कलेक्टर, कहा निर्वाचन में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण

सृजन सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों की आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर सिन्हा सम्मिलित हुए। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को उनके दायित्वों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन व्यवस्था में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं। जिसमें आपकी जिम्मेदारी पूरी निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान दलों के पहुंचने से लेकर सामग्री वितरण-वापसी से मतदान समाप्ति तक होगी। सभी सेक्टर अधिकारी पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उक्त प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय एवं जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल द्वारा निर्वाचन में आपकी भूमिका से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देंगे, कही भी शंका होने पर शीघ्र ही उसका समाधान कर ले।

अग्र समाज के गणमान्यों की उपस्थिति में अग्रसेन जयंती का हुआ शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

नगर का अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन की 5147 वीं जयंती धूमधाम से मनाने जा रहा है जयंती को लेकर नगर का अग्र समाज काफी उत्साहित नजर आ रहा। समाज के सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में अग्रसेन चौक में कल 8 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर आरती पूजन किया गया।

इसके साथ ही उद्घाटन कर जयंती में होने वाली प्रतियोगिताएं प्रारंभ की गई। वही अग्रसेन चौक में हर वर्ष की तरह इस बार भी जलपान की व्यवस्था मारवाड़ी युवा मंच द्वारा की गई। ई-पत्रिका का विमोचन भी किया गया जिसको लेकर युवक और युवतियों में काफी उत्साह नजर आया। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में होने वाली प्रतियोगिताएं 8 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई और इसका समापन अग्रसेन जयंती वाले दिन 15 अक्टूबर को किया जाएगा। 14 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे कन्या भवन में पुरुस्कार वितरण किया जाएगा 15 अक्टूबर को प्रातः 5 बजे हनुमान मंदिर गंज बाजार से प्रभात फेरी निकलेगी वही दोपहर 3 बजे बसंती राईस मिल से शोभायात्रा निकलेगी। रात्रि 8 बजे कन्या भवन में अग्रभोज का आयोजन भी अग्रसेन जयंती समारोह समिति द्वारा किया गया है। अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष सुनील गर्ग सह अध्यक्ष नितिन गोयल व सचिव अनिल गर्ग ने अग्रवाल समाज के सभी लोगों से निवेदन किया है अधिक से अधिक लोग जयंती में होने वाले सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर सामाजिक एकता का परिचय देवें। कुछ प्रतियोगिताओं के हमें रिजल्ट प्राप्त हुए हैं जिसमें तीन चक्का साइकिल रेस थी इसमें प्रथम स्थान अमिश अग्रवाल पिता विनय अग्रवाल वहीं द्वितीय स्थान अमृता अग्रवाल पिता आशीष अग्रवाल रहे इसके बाद जलेबी दौड़ चालू हुई जिसमें प्रथम स्थान आरना अग्रवाल पिता सुमित अग्रवाल वही द्वितीय स्थान अविग्न अग्रवाल पिता आलोक अग्रवाल रहे एक बाद म्यूजिकल चेयर रेस जूनियर आरंभ की गई जिसमें प्रथम स्थान अनंत अग्रवाल पिता सौरभ अग्रवाल वही द्वितीय स्थान वंश गुप्ता पिता विक्रम गुप्ता रहे सीनियर म्यूजिकल रेस में प्रथम अनिशा अग्रवाल पिता संजय अग्रवाल द्वितीय नैना अग्रवाल पिता मनीष अग्रवाल रही। आज हुई प्रतियोगिता में लगभग 250 लोगों ने भाग लिया।

आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक-कलेक्टर

कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग की आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है तथा आदर्श आचरण संहिता के तहत दिए गए दिशा निर्देशों एवं मार्गदर्शन के अनुरूप ही चुनाव संबंधी सभी कार्यवाही संपादित की जानी चाहिए। विधानसभा निर्वाचन 2023 के संदर्भ में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में ली गई। बैठक के दौरान आदर्श आचरण संहिता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई तथा संहिता का आवश्यक रूप से पालन करने की अपेक्षा राजनीतिक दलों से की। बैठक के दौरान कलेक्टर सौरभ कुमार ने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को जातीय, धार्मिक विषयों से बचकर अपना प्रचार-प्रसार करना चाहिए तथा किसी भी व्यक्ति के घर के सामने धरना प्रदर्शन नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर ही जुलूस, रैली एवं सभा का आयोजन किया जाय तथा पुलिस को भी इसकी सूचना दी जाय। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभा आदि के आयोजन में की जाने वाली टेंट, कुर्सी, माईक, पण्डाल तथा अन्य सामग्रियों की संख्या आदि की जानकारी अनिवार्य रूप से निर्वाचन कार्यालय को दी जानी चाहिए। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जुलूस आदि के दौरान यदि किसी व्यक्ति द्वारा बाधा पहुंचायी जाती है तो राजनीतिक दल स्वंय उस पर कार्यवाही न करें तथा कानून अपने हाथ में न लें, इसकी सूचना पुलिस को दें साथ ही जुलूस के दौरान उपस्थित पुलिस बल इस पर कार्यवाही करेगा। उन्होंने बताया कि पुतला दहन आदि पूर्णरूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो चुकी है अतः कोई भी भूमिपूजन, लोकार्पण तथा घोषणाएं प्रतिबंधित रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राशनकार्ड/मनरेगा/बेरोजगारी भत्ता में नया नाम नहीं जुड़ेगा। राजनीतिक दलों द्वारा प्लास्टिक के ध्वजों के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है।

इसके साथ ही राजनीतिक दलों को पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन की विस्तृत जानकारी दी गई। सी-विजिल का अर्थ सिटीजन विजिलेंस यानी नागरिकों की सतर्कता है। सी.विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। बैठक में सुविधा ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने व्यय लेखा के संबंध में निर्वाचन आयोग के सामान्य अनुदेशों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रतिनिधियों को दी तथा बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रूपये निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने बैठक के दौरान अभ्यर्थी द्वारा किए गए दैनिक निर्वाचन व्यय के रखरखाव एवं अनुवीक्षण के लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में व्यय तंत्र के गठन तथा उसके विभिन्न स्तरों की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी जिसमें व्यय प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा टीम, शिकायत अनुवीक्षण, नियंत्रण कक्ष एवं काल सेन्टर, वीडियो निगरानी समिति, वीडियो अवलोकन समिति, स्थैतिक निगरानी दल, जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, फ्लाईंग स्कवैड समिति तथा व्यय निगरानी समिति आदि तंत्र शामिल है।

कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन व्यय के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा पृथक बैंक खाता खोला जाना आवश्यक है जिसके खाता संख्या की लिखित जानकारी नाम निर्देशन दाखिल करते समय अभ्यर्थी द्वारा दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन व्यय तथा बैंक खाते के संचालन, भुगतान के स्वरूप, नकद संव्यवहार, चेक से भुगतान, व्यय की जानकारी प्रस्तुत करने के साथ अन्य संबंधित तथ्यों की विस्तार से जानकारी प्रतिनिधियों को दी।

राजनैतिक दलों हेतु निर्देश
विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023
छत्तीसगढ़

भगवंत केसरी से अर्जुन रामपाल का आकर्षक फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी



अपने कैलेंडर में 19 अक्टूबर, 2023 को चिह्नित करें, क्योंकि नंदमुरी बालकृष्ण अभिनीत बहुप्रतीक्षित भगवंत केसरी एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म दर्शकों के बीच काफी चर्चा बटोर रही है, पहले दो गानों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। आज, प्रशंसकों को अर्जुन रामपाल का फर्स्ट-लुक पोस्टर देखने को मिला, जो इस प्रोडक्शन में अपनी तेलुगु फिल्म की शुरुआत कर रहे हैं। आकर्षक पोस्टर में, राहुल सांघवी की भूमिका निभा रहे अर्जुन रामपाल, काले सूट में सुरुचिपूर्ण ढंग से बैठे हुए, परिष्कृत दिख रहे हैं। यह फिल्म बालकृष्ण और अर्जुन रामपाल के बीच एक महत्वपूर्ण आमना-सामना का प्रतीक है, जिससे प्रत्याशा बढ़ गई है।

केट शर्मा के ग्लैमर के आगे फेल हैं बॉलीवुड एक्ट्रेस, कर्वी फिगर देख फैंस भरने लगते हैं आहें

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है।

इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस का दिल तेजी से धड़कनें लगा है। एक्ट्रेस केट शर्मा आए दिन अपनी ग्लैमरस अदाओं का जलवा फैंस के बीच बिखेर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके बोल्ड लुक को देखकर लोग आहें भरने लगते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा की लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगी हैं। इन तस्वीरों में देख सकते हैं केट शर्मा ने व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप और साथ ही ब्लू डेनिम शॉर्ट्स पहना हुआ है। अभिनेत्री अपनी इन तस्वीरों में काफी सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके इस लुक पर से नजरें भी नहीं हटा पा रहे हैं। केट शर्मा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं केट शर्मा कार के पास खड़े होकर हॉट और किलर पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के हर एक पोस्ट का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही ट्रेंड करने लगता है।

कश्मीर पर आधारित संतोष सिवन की पीरियड ड्रामा में मुख्य भूमिका निभाएंगी ब्रेशना खान

रवीना टंडन-स्टारर अरण्यक के अलावा स्ट्रीमिंग शो एस्केप लाइव और द फ्रीलांसर से अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री ब्रेशना खान जल्द ही संतोष सिवन की अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट में दिखाई देंगी।

अभिनेत्री ने अपने पहले शेड्यूल की शूटिंग कर ली है। जल्द ही अगले शेड्यूल की शूटिंग शुरू करेंगी।

फिल्म एक पीरियड ड्रामा है। इसमें तीन एक्ट हैं, ब्रेशना पहले एक्ट में मुख्य भूमिका निभाएंगी और पूरी फिल्म में उनकी उपस्थिति बनी रहेगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, यह 500 साल पहले कश्मीर पर आधारित एक पीरियोडिक फिल्म है, जिसका निर्देशन संतोष सिवन ने किया है। कहानी को तीन अंकों में विभाजित किया गया है। मैं पहले एक्ट में एक मुख्य किरदार निभा रही हूं जो पूरी फिल्म में एक मुख्य किरदार बनी रहेगी। अभिनेत्री ब्रेशना खान ने आगे उल्लेख किया, मैंने जो पहले किया है, यह उससे बिल्कुल अलग है, जिस तरह से मुझे संतोष सर ने प्रस्तुत किया है, वह एक सपने के सच होने जैसा है। संतोष सिवन 12 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 4 केरल राज्य फिल्म पुरस्कार और 3 तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार के साथ सबसे प्रसिद्ध भारतीय सिनेमैटोग्राफर में से एक हैं। उन्होंने शाहरुख खान-स्टारर अशोका और हाल ही में विजय सेतुपति-स्टारर मुंबईकर का निर्देशन किया है। उन्होंने मलयालम, तमिल और हिंदी सिनेमा में काम किया है।

लियो के नए पोस्टर में थलपति विजय का दिखा कातिलाना अवतार



तमिल स्टार थलपति विजय की आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म लियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है क्योंकि निर्देशक लोकेश कनगराज ने फिल्म के लिए एक नया कलात्मक पोस्टर जारी किया है।

इस नए पोस्टर में थलपति को हाथों में दो बन्दूक के साथ एक जमे हुए परिदृश्य में दिखाया गया है, जबकि वह पूरा शीतकालीन गियर पहने हुए है और एक परित्यक्त औद्योगिक शहर के खंडहरों में बर्फीले परिदृश्य की पृष्ठभूमि में सिगरेट पी रहा है।

कुछ एआई के साथ पॉलिश किया गया, पोस्टर तमिल फिल्म के उच्च उत्पादन मूल्य को प्रदर्शित करने के अलावा यह भी संकेत देता है कि यह टेकन या जॉन विक के समान कुछ होने के नक्शेकदम पर चल सकता है। जैसा कि लियो को एक निर्दयी हत्यारे के रूप में दिखाया गया है जो अपने दुश्मनों पर दाएं और बाएं बंदूकें चला रहा है और किसी को भी नहीं बख्श रहा है।

उसी पोस्टर के दूसरे पक्ष में दिखाया गया है कि कड़ाके की ठंड में एक जीप उसका पीछा कर रही है और लगभग विशाल धातु की जंजीरों के एक समूह को तोड़ रही है, जबकि थालापति उन पर गोली चला रहा है।

हालांकि इस बार विजय ने काले रंग की चमड़े की जैकेट और नीचे सफेद हाफ-शर्ट पहनी हुई है। उन्होंने बड़े शीतकालीन जूते के साथ काला चश्मा और काली जींस पहनी हुई है।

फुकरे 3 का दबदबा जारी, ऋचा चड्ढा की फिल्म ने 10वें दिन की इतनी कमाई

EK NAYA CHAMATKAR
FUKREY 3

वरुण शर्मा, ऋचा चड्ढा, पुलकित सम्राट और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'फुकरे 3' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. फुकरे 3 रिलीज के पहले दिन से अच्छा कलेक्शन कर रही है. इस बीच फुकरे 3 की रिलीज के 10वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक फुकरे 3 ने रिलीज के 10वें दिन 3.60 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसके बाद फिल्म की 10 दिनों की कुल कमाई अब 71.93 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं इस फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फुकरे 3 अब 91.2 करोड़ की कमाई दुनियाभर में कर चुकी है यानी ये फिल्म 100 करोड़ की तरफ बढ़ रही है.

बता दें कि फुकरे फ्रेंचाइजी की मोस्ट अवेटेड फिल्म फुकरे 3 कंगना रनौत की चंद्रमुखी 2 और विवेक अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर के साथ क्लैश करते हुए 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इन फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए फुकरे 3 ने ना केवल दर्शकों को खूब एंटरटेन किया बल्कि ये फिल्म अच्छी खासी कमाई भी कर रही है.

अब होगा दुश्मन पर वार, कंगना रनौत की तेजस का ट्रेलर रिलीज, एक्शन अवतार में दिखीं एक्ट्रेस

कंगना रनौत की फिल्म तेजस काफी दिनों से चर्चा में है। 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के मौके पर इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है।बीते दिनों जब फिल्म का टीजर आया था, तो कंगना को वायुसैनिक पायलट के रूप में देखकर उनके प्रशंसक उत्साहित हो गए। तब से ही उन्हें फिल्म के ट्रेलर का इंतजार था।सर्वेश मेवाड़ा की यह फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में कंगना ने तेजस गिल नाम की वायुसेना की एक पायलट का किरदार निभाया है। ट्रेलर में उनका देशभक्ति से लबरेज जांबाज अंदाज नजर आ रहा है।फिल्म की कहानी पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ भारतीय वायुसेना के एक मिशन पर केंद्रित है। ट्रेलर में कंगना यह संदेश देती दिख रही हैं कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए हर व्यक्ति को इसे अपना निजी मामला समझना होगा।वीएफएक्स पर फिल्माए लड़ाकू विमानों की उड़ान भी नजर आ रही है। फिल्म तेजस का नाम भारत में बनने वाले हल्के लड़ाकू विमान तेजस के नाम पर रखा गया है।फिल्म में दिखाया जाएगा कि वायुसेना के पायलट देश की रक्षा के लिए किस हद तक जाते हैं और उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।कंगना इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने कड़ी ट्रेनिंग भी ली है।फिल्म का निर्देशन और लेखन सर्वेश मेवाड़ा ने किया है, जबकि रॉनी स्क्रूवाला इसके निर्माता हैं। तेजस के अलावा वायुसेना पर केंद्रित कई फिल्में देखने को मिलने वाली हैं।अक्षय कुमार फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे। निर्माताओं का दावा है कि यह फिल्म भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की हमारी अनकही कहानी दिखाएगी।

खेल

ENGLAND
डेविड मलान
रन- 140 | बॉल- 107 | 4/6- 16/5 | स्ट्राइक रेट- 130.84

इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 365 रन का टारगेट दिया:मलान का शतक, बेयरोस्टो और रूट की हाफ सेंचुरी

मेहदी हसन ने झटके चार विकेट

धर्मशाला। वर्ल्ड कप 2023 के दूसरे डबल हेडर का पहला मुकाबला इंग्लैंड और बांग्लादेश के बीच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा। इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 365 रन का टारगेट दिया है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड की टीम ने नौ विकेट खोकर 364 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेविड मलान ने शतक लगाया। वहीं जो रूट और जॉनी बेयरोस्टो ने अर्धशतकीय पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके।

उनके अलावा शोरिफुल इस्लाम ने तीन लिए। तस्कीन अहमद और शाकिब अल हसन को एक-एक सफलता मिली।

दिन का दूसरा मैच पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा।

ऐसे गिरे इंग्लैंड के विकेट

ओपनिंग पार्टनरशिप
रन 115 बॉल 107
MALAN 29
ENGLAND
डेविड मलान 61 (48)
जॉनी बेयरोस्टो 52 (59)

पहला- जॉनी बेयरोस्टो- 52 रन- 18वें ओवर की पांचवीं बॉल शाकिब अल हसन ने लेग स्टंप पर फेंकी, बेयरोस्टो बोल्ड हो गए।

दूसरा- डेविड मलान- 140 रन- 38वें ओवर की दूसरी बॉल जो मेहदी हसन ने फेंकी, मलान लेग साइड पर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे चुक गए और बोल्ड हो गए।

तीसरा -जोस बटलर - 20 रन- 40वें ओवर की चौथी गेंद पर शोरिफुल इस्लाम ने बोल्ड किया। शोरिफुल की नकल बॉल पर बटलर स्वीप करने की कोशिश में टाइम नहीं कर पाए और गेंद स्टंप्स में जा घुसी।

चौथा- जो रूट - 82 रन- 42वें ओवर की पांचवी गेंद पर शोरिफुल इस्लाम ने मुशफिकुर रहीम के हाथों कैच कराया। शोरिफुल की नकल बॉल पर रूट फ्लिक करना चाहते थे लेकिन गेंद हवा में गई और विकेटकीपर रहीम ने भागते हुए कैच लपक लिया।

पांचवां-लियम लिविंगस्टन - 0 रन- 42वें ओवर की आखिरी गेंद पर शोरिफुल ने बोल्ड किया। बटलर ऑफकटर बॉल से बीट हो गए और गेंद स्टंप्स में जा लगी।

छठा- हैरी ब्रूक - 20 रन- 45वें ओवर की तीसरी बॉल पर मेहदी हसन ने लिट्टन दास के हाथों कैच कराया। ब्रूक बड़ा शॉट खेलना चाहते थे लेकिन लॉन्ग ऑफ पर कैच थमा बैठे।

सातवां- सैम करन - 11 रन- 47वें ओवर में मेहदी हसन की चौथी गेंद पर नजमुल हुसैन शांतो ने कैच किया। सैम करन ड्राइव करना चाहते थे लेकिन कनेक्शन अच्छा नहीं हुआ और लॉन्ग ऑफ पर खड़े शांतो ने डाइव लगाते हुए शानदार कैच लपका।

एक नजर

स्पिन पिच पर दबाव में दिखे नीदरलैंड के बैटर्स

मिचेल सैंटनर के दोहरे प्रदर्शन और मजबूत बैटिंग के दम पर जीता न्यूजीलैंड

हैदराबाद । न्यूजीलैंड ने वनडे वर्ल्ड कप-2023 में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में नीदरलैंड को 99 रन से हराया। सोमवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 322 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड टीम 46.3 ओवर में 223 रन पर ही ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड की इस जीत में स्पिन ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 5 विकेट झटके और आखिरी के ओवर्स में 17 गेंद पर नॉटआउट 36 रन की आतिशी पारी खेली।

पवन सेहरावत प्रो-कबड्डी इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बने

तेलुगु टाइटंस ने 2.60 करोड़ में खरीदा; मोहम्मदरेजा शादलू सबसे महंगे विदेशी

प्रो-कबड्डी लीग के ऑक्शन में ऐतिहासिक बोली देखने को मिली। सोमवार को भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान पवन कुमार सेहरवात को तेलुगु टाइटंस ने 2.605 करोड़ रुपए में खरीदा। इसी के साथ पवन PKL इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बने। वह पिछले ऑक्शन में भी सबसे महंगे प्लेयर बने थे, तब तमिल थलाइवास ने उन्हें 2.26 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऑक्शन के पहले दिन ईरान के मोहम्मदरेजा शादलू सबसे महंगे विदेशी प्लेयर बने। उन्हें पुणेरी पल्टन ने 2.35 करोड़ रुपए में खरीदकर लीग इतिहास का सबसे महंगा प्लेयर बना दिया था। लेकिन फिर पवन का नाम आ गया और सबसे महंगे प्लेयर का टैग शादलू से हटकर पवन पर पहुंच गया।

सोमवार को कुल 23 प्लेयर्स बिके। नीलामी मंगलवार को दूसरे और आखिरी दिन सुबह 10:00 बजे से फिर शुरू होगी। PKL भारत में हर साल होने वाला कबड्डी का फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है, जो इस साल 2 दिसंबर से शुरू होगा।

23 खिलाड़ी बिके, इनमें 20 भारतीय

PKL सीजन 10 के लिए मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर ने मिनी ऑक्शन हुआ। सभी टीमें अपने स्क्वॉड में बची हुई जगह को भर रही है। भारत समेत कुल 13 देशों के 500 से ज्यादा प्लेयर्स को ऑक्शन में जगह मिली। लेकिन ऑक्शन के पहले दिन 23 खिलाड़ी ही बिके। इनमें ईरान के 3 और 20 भारत के रहे। ईरान के 3 खिलाड़ियों को ऑक्शन में खरीदा गया, इनमें से 2 को डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत मिली। ऑलराउंडर मोहम्मदरेजा शादलू को पुणेरी पल्टन ने 2.35 करोड़ रुपए में खरीदा।

128 साल बाद ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी होगी

रिपोर्ट में दावा- फ्लैग फुटबॉल और बेसबॉल को भी हरी झंडी, आज ऐलान हो सकता है

लंदन। लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट भी शामिल किया जाएगा। ब्रिटिश अखबार 'द गार्डियन' की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक- क्रिकेट के साथ ही फ्लैग फुटबॉल, बेसबॉल और सॉफ्टबॉल को भी इवेंट में शामिल किया गया है। इसका ऑफिशियल अनाउंसमेंट मंगलवार शाम तक लॉस एंजिलिस ओलिंपिक कमेटी कर सकती है। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी इसका फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर चुकी है। इस बारे में ज्यादा जानकारी रविवार से मुंबई में शुरू हो रहे IOC के 141वें सेशन में दी जाएगी। हालांकि, लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 में टी-20 फॉर्मेट में मेंस और विमेंस मुकाबले होंगे। इसके पीछे एशिया का कमर्शियल मार्केट भी बहुत बड़ी वजह है। कम से कम भारत में तो इसका जबरदस्त क्रेज है और इस वक्त हमारी इकोनॉमी दुनिया में पांचवें नंबर पर है।

इस बार के एशियन गेम्स में क्रिकेट शामिल किया गया था। भारत ने मेंस और विमेंस दोनों कैटेगरी में अपनी टीमें भेजीं और दोनों में भारत ने गोल्ड मेडल जीता। टी-20 फॉर्मेट का क्रिकेट एशियाड में सफल रहा, जिसे देखते हुए इसे ओलिंपिक में भी शामिल किया जा रहा है। इस बार के एशियन गेम्स में क्रिकेट शामिल किया गया था। भारत ने मेंस और विमेंस दोनों कैटेगरी में अपनी टीमें भेजीं और दोनों में भारत ने गोल्ड मेडल जीता। टी-20 फॉर्मेट का क्रिकेट एशियाड में सफल रहा, जिसे देखते हुए इसे ओलिंपिक में भी शामिल किया जा रहा है। ब्रिटिश अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा- हमने जुलाई में ही बता दिया था कि लॉस एंजिलिस ओलिंपिक गेम्स में क्रिकेट की एंट्री बिल्कुल तय है। इसकी वजह ये है कि ओलिंपिक कमेटी भारत की करीब 1.5 अरब आबादी और यहां के फाइनेंशियल रिर्सोसेज को अनदेखा करने की हालत में नहीं है।

न्यूजीलैंड की वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत

नीदरलैंड को 99 रन से हराया; सैंटनर टूर्नामेंट में 5 विकेट लेने वाले पहले कीवी स्पिनर

हैदराबाद। न्यूजीलैंड ने वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। कीवी टीम ने नीदरलैंड को 99 रन से हराया। इस जीत के बाद टीम 4 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप कायम है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 7 विकेट पर 322 रन बनाए। जवाबी पारी में नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 223 रन पर ऑल आउट हो गई।



लेफ्ट आर्म स्पिनर मिचेल सैंटनर ने नीदरलैंड के खिलाफ 59 रन देकर 5 विकेट लिए। वे वर्ल्ड कप में 5 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले ही स्पिनर बने। उनसे पहले डेनियल विटोरी ने 2007 में आयरलैंड और 2015 में अफगानिस्तान के खिलाफ 4-4 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाजों में टिम साउदी के नाम इंग्लैंड के खिलाफ 33 रन देकर 7 विकेट लेने का रिकॉर्ड है।

एक नजर.. जैजैपुर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्रा पर

क्या कृष्णकांत चंद्रा जैजैपुर क्षेत्र में कमल खिला पाएंगे

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भाजपा सक्ति जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा द्वारा निरंतर 20 वर्षों से पार्टी के लिए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक कार्य कर पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिसके फल स्वरुप भारतीय जनता पार्टी द्वारा कृष्णकांत चंद्रा को जैजैपुर विधानसभा से अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर चुनावी मैदान में उतरा है। टिकट मिलने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता, कार्यकर्ता व पदाधिकारी के आशीर्वाद से पार्टी के प्रदेश शीर्ष नेतृत्व व केंद्रीय नेतृत्व द्वारा विश्वास जताकर पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है, वे उस पर खरे उतरेंगे। आपको बता दे कि इस क्षेत्र में लगातार बसपा का दबदबा रहा है यहां से केशव चंद्रा जीतते आ रहे है। इस बार केशव चंद्रा के सामने कृष्णकांत चंद्रा खड़े होंगे। यह माना जाता है कि लोहे को लोहा काटता है इसी प्रकार माना जा रहा हैं कि केशव चंद्रा को इस बार कृष्णकांत चंद्रा टक्कर दे सकते हैं।

पत्रकारिता से मिली राजनीति में जाने की प्रेणा

कृष्णकांत चंद्रा का जन्म नवीन सक्ती जिले के ग्राम नगझर में एक सामान्य किसान परिवार में हुआ है। उन्होंने रविशंकर विश्व विद्यालय रायपुर से स्नातक किया है। और पत्रकारिता को क्षेत्र में कदम रखा और दैनिक अमृत संदेश के कोरबा जिला ब्यूरो चीफ रहे एवं दैनिक समवेत शिखर के बिलासपुर संभाग के ब्यूरो चीफ रहे। समवेत शिखर के रायपुर

कार्यालय में वे उप संपादक रहे और दैनिक जागरण पंजाब केशरी लोकमत समाचार एवं जनसत्ता के विशेष संवाददाता भी रहे। पत्रकारिता की क्षेत्र से उन्हें राजनीतिक क्षेत्र में जाने की प्रेरणा मिली और वे राजनीति के क्षेत्र में अपना कदम रखे।

कृष्णकांत की राजनीतिक सफर

भाजपा की सक्रिय राजनीति में आने के पूर्व वे प्रिंट मिडिया में पत्रकार थे। जिसके बाद भाजपा के संभागीय कार्यालय बिलासपुर में संवाद प्रमुख रहे हैं। भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के दो बार प्रदेश उपाध्यक्ष व एक बार प्रदेश महामंत्री एवं एक बार प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। दो बार लगातार चंद्रा चंद्रनाहू समाज के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बनाये गए थे। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रथम वर्ष शिक्षित स्वयं सेवक हैं। उन्होंने 5 वर्ष तक अपने घर से बाहर रहकर भाजपा के पूर्णकालिक कार्यकर्त्ता के तौर पर पार्टी की सेवा की इस दौरान वे भाजपा के वरिष्ठ नेता परम श्रद्धेय लखीराम अग्रवाल जी के निज सचिव रहे हैं। वे आज भी पूर्णकालिक कार्यकर्त्ता के तौर पर पूरा समय देते हुए पार्टी की सेवा में समर्पित भाव से लगे हुए हैं। वे जांजगीर चांपा जिले के दो बार जिलाध्यक्ष और वर्तमान में वे भारतीय जनता पार्टी के सक्ति के जिला अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

पहले भी लड़ चुके है विधानसभा

चंद्रा पूर्व में भी दो बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं उनको विधानसभा चुनाव लड़ने का खासा अनुभव है। वे वर्ष 2003 में वे चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार थे। हालांकि वे अब तक विधायक नहीं बन पाए है। चंद्रा ने कहा कि इस बार वे निश्चित रूप से क्षेत्र में कमल खिलाकर रहेंगे।

इस बार जीतने की क्या है संभावना

इस विधानसभा से लगातार दो बार बसपा पार्टी से केशव चंद्रा विधायक बनते आ रहे हैं । भाजपा को लंबे समय से इस क्षेत्र में कमल खिलाने का इंतजार है। इस क्षेत्र में सतनामी समाज के वोटर के बाद दूसरे नंबर में चंद्रा समाज की वोटरों है जो केशव चंद्रा को पूर्ण बहुमत देते आ रहे है। जिस कारण वे लगातार इस क्षेत्र से जीत रहे है। पर इस बार दो चंद्रा आमने-सामने होंगे जिस वजह से क्षेत्र का समीकरण बदलेगा। वहीं क्षेत्र की जनता भी यह चाहते हैं कि क्षेत्र में ऐसे विधायक बनाया जाये जिसका प्रदेश सहित केंद्र में सरकार हो। इस तराजू से कृष्णकांत चंद्रा का पड़ला भारी होते हुए दिखाई दे रहा है।

आचार संहिता लागू होने के साथ ही शुरू हो गई है संपत्ति विरूपण की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा 09 अक्टूबर 2023 को विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये शासकीय-अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से सम्बन्धित झंडिया लगाई जाती है। जिसके कारण शासकीय-अशासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने संपत्ति विरूपण की कार्यवाही हेतु आदेश जारी किया है। जिसके तहत् छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 में निहित प्रावधान अनुसार कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा। वह जुर्माने से जो एक हजार रुपये तक का हो सकेगा। दंडनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दंडनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपत्ति विरूपण के संदर्भ में राज्य में प्रचलित विधि के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्यवाही किया जाना है, अत: एतद् द्वारा निर्देश दिया जाता है कि छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाये।

मेरी माटी,मेरा देश के अंतर्गत निकाली कलश यात्रा रासेयो कसडोल महाविद्यालय में

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।

स्व. दौलत राम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में केंद्र भारत सरकार द्वारा संचालित मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत निकाली गई कलश यात्रा जिसमे सभी सम्माननीय स्वयंसेवकों द्वारा मेरी माटी मेरा देश का आगाज करते हुए रैली उद्बोधन के साथ वीर जवानों को नमन करते हुए, तथा इस भारतभूमि का गुणगान करते हुए कलश यात्रा निकाली गईं। जिसमे उपस्थित वरिष्ट प्राध्यापक पटेल द्वारा मेरी माटी मेरा देश के माध्यम से प्रेरित किया तथा देश राष्ट्र में समर्पित वीर जवानों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
आपका हार्दिक अभिनंदन करती है...
Shot on OnePlus

किया तथा, हमेशा देश राष्ट्र में न्योछावर के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमे उपस्थित वरिष्ट प्राध्यापिका खुरसिद खान, कार्यक्रम अधिकारी व्ही टंडन द्वारा सभी स्वंसेवकों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित मेरी माटी मेंरा देश, कार्यक्रम के अंतर्गत हमेशा अपने देश राष्ट्र भावना की दृष्टि से छात्रों को आगे आने के लिए प्रेरित किया तथा देश में न्योछावर करने वाले वीर जवानों को नमन किया तथा मेरी माटी मेरा देश को माटी का नमन किया तथा विरो को नमन करते हुए कार्यक्रम देश राष्ट्र का भावना प्रेरित किया गया। जिसमे उपस्थित वरिष्ट सीनियर सूरज यादव, प्रीतम जायसवाल, चंदन जायसवाल,अभिषेक नवरंगे, ओम,रासेयो के महादलनायक रमन मिरी, महादलनायिक मीनाक्षी बैरागी, उपमहादलनायक रितिक सेन, उपमहादलनायिक फ ुलेश्वरी बंजारे, व स्वन्यमसेवक रूकमणी पंकज, आदित्य पंकज, करिश्मा मधुकर, समीर कोसारिया, दुर्गेश,सभापति, समीक्षा, अल्का,गोमती, निकिता, ऋतु, बबली, रुद्र, अजय,लोकेश, विशाल,तनु, संजय,गुलशन, नीलकमल ,दीपांशु, नेहा, दीनानाथ,केशव,नर ेंद्र, विनू,नीलम,निकिता, व सभी सम्माननीय स्वयंसेवक उपस्थित थे।

आदर्श आचार संहित का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक-कलेक्टर

निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन का कार्य सम्पन्न करने किया गया आग्रह

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर ने राजनैतिक दलों की बैठक लेकर अगामी आम निर्वाचन 2023 से सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराते हुए जानकारी दी गई कि आगामी आम निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपादित करने के उद्देश्य से भी राजनीतिक दलोंए अभ्यर्थियों एवं शासकीय सेवकों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में दो चरण में चुनाव होगा। प्रथम चरण 7 नवंबर एवं दूसरा चरण 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होगा। उन्होंने चुनावी खर्च, राजैतिक विज्ञापनों का पूर्ण प्रमाणन एमसीसी टीम को समय पर अवगत कराने कहा।

इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि आदर्श आचार संहित का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना अति-आवश्यक है। ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन का कार्य सम्पन्न किया जा सके। कलेक्टर एवं जिला

निर्वाचन अधिकारी डॉ.मित्तल ने बताया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जशपुर जिले के अंदर सभी राजनीतिक दलों से संबंध व्यक्तियों, समस्त अभ्यर्थियों एवं समस्त शासकीय सेवकों को निर्वाचन आदर्श आचरण संहिता का अक्षरश: पालन करने आदेशित किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरपी चौहान, राजनैतिक दलों में कांग्रेस से अजय गुप्ता, बीजेपी से संतोष सिंह, फैजान सरवर खान, राजेश कुमार सिन्हा, छग.जनता कांग्रेस से अनुज गुप्ता और बसपा से मशीश कुमार रोशन सहित निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

एक नजर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय परिवर्तन की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में विधानसभा के सभी गांव के मरीज इलाज करने के लिए आते हैं कुछ मोटर साइकिल के माध्यम से तो कुछ बस के माध्यम से आते हैं नवागढ़ से विधान सभा क्षेत्र के अंतिम गांव आमलडीहा की दूरी 45, कठौतिया 20, गाडामोर 10 किलोमीटर है इन गावों से मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं परंतु ओपीडी का वर्तमान समय सुबह 9 बजे से 1 बजे और शाम 5 से 7 बजे तक निर्धारित है। जिसके कारण से मरीजों को पैथोलाजी, एक्स-रे दवाई लेने में असुविधा होती है। इसलिए युवा जन सेवक लक्ष्मी कांत ठाकुर ने आज अनुविधागीय अधिकारी को समय में परिवर्तन करने ज्ञापन सौंपा। लक्ष्मी कांत ठाकुर ने मांग किया है कि ओपीडी का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया जाय ताकि मरीजों को समय पर सही ईलाज मिल सके।



प्रति,
श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी
नवागढ़, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
विषय - मरीजों एवं जनसमुदाय को ओपीडी समय से होने वाली असुविधा एवं दिक्कत की सूचना बाबत्।

महोदय जी,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि ओपीडी समय सुबह 9:00 से 1:00 एवं शाम 5:00 बजे से 7:00 होने के कारण दुर ग्रामीण अंचल से आये मरीजों एवं उनके सहयोगीयों को परेशानी एवं दिक्कत होती हैं, दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 तक ओपीडी बंद होने के कारण ओपीडी पर्ची, चिकित्सक परामर्श, लेब रिपोर्ट, एक्सरे एवं दवाई आदि के लिए परेशान होकर अस्पताल परिसर में दुखी होकर इंतजार करते रहते है। ग्रामीण अंचल से आए मरीज शाम को बस सुविधा का अभाव एवं पहुंच विहिन सडक पर अपने गांव जाने के लिए मजबुर होते है। प्राय: समय को लेकर मरीज एवं उनके सहयोगी दुखी होकर आक्रोशित हो जाते हैं। इससे भविष्य में तनाव की स्थिति निर्मित हो सकती है।

महोदय हमारे आपसे निवेदन है कि मरीजों एवं दूर अंचल से आए ग्रामीण जन समुदाय को इस अस्पताल में किसी भी तरह की असुविधा ना हो एवं वे अपने गांव, घर समय पर सुरक्षित पहुंच सकें।

महोदय मरीजों एवं जनसमुदाय को होने वाली असुविधा को देखते हुए ओपीडी का समय 10:00 से 5:00 बजे पर निर्धारित करने की कृपा करें।

धन्यवाद।

दिनांक :- 09/10/23

प्रतिलिपि:- विकासखण्ड ~~शिक्षा~~ अधिकारी नवागढ़

आवेदक
लक्ष्मीकांत ठाकुर
नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
मो. 8319387043

09/10/23

दिनांक 09/10/23

कलेक्टर ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

रैली एवं जुलूस के लिए अनुमति लेना आवश्यक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधान सभा निर्वाचन 2023 जिले में 17 अक्टूबर को सम्पन्न होने जा रहा है तथा निर्वाचन संबंधी सारी प्रारंभिक तैयारियां व प्रक्रियाएं प्रारम्भ हो रही है। इस हेतु जिले में लोक परिशांति बनाए रखना आवश्यक प्रतीत होता है। इस संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए जिला दण्डाधिकारी जशपुर डॉ. रवि मित्तल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा.144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी किया है। जारी आदेशानुसार जशपुर राजस्व जिला के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक शस्त्र, यथा बंदूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा,लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाएं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारे लगायेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य के सम्पादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा। जिन्हें निर्वाचन व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण लाठी रखना आवश्यक है। जशपुर राजस्व जिला के अंतर्गत विनिर्दिष्ट मतदान केन्द्र, मतगणना स्थल, तहसील ब्लॉक, अनुविभागीय अधिकारी रा. कार्यालय के परिसर के बाहर न तो भीड़ होगी न धरना दिया जावेगा और न ही नारेबाजी की जावेगी। जशपुर राजस्व जिला के अंतर्गत कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आम सभा जुलूस आयोजित करने के पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना कानून व्यवस्था से जुड़े संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार को देगा। तथा विधिवत लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही संबंधित राजनैतिक दल.व्यक्ति आमसभा, जुलूस का आयोजन कर सकेगा। कोई भी राजनैतिक दल या व्यक्ति जशपुर राजस्व जिला के अंतर्गत किसी भी धार्मिक संस्थाना उसके आस-पास न तो आमसभा का आयोजन करेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा न ही धार्मिक स्थानों का आमसभा-जुलूस के लिये उपयोग करेगा। जशपुर राजस्व जिले में किसी भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा बिना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा किसी प्रकार का नारेबाजीए प्रचार.प्रसार एवं वक्तव्य का उद्घोष नहीं करेगा। इस आदेश का उल्लंघन यदि किसी व्यक्ति द्वारा किया जाना पाया जायेगा तो यह भादवि की धारा 188 के अंतर्गत दंडनीय होगा।

अग्रसेन जयंती पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया

न्यायाधीश प्रशांत देवांगन समेत 7 महिलाओं ने भी किया रक्त दान

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

दिनांक 10 अक्टूबर 2023 मंगलवार, देवभोग
समय सुबह 09 बजे से शाम 04 बजे तक
स्थान पेंशनर भवन सबेरा सैलून के बाजू में

माननीय व्यवहार न्यायाधीश देवभोग श्री प्रशांत कुमार देवांगन जी

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के नेतृत्व में अग्रसेन जयंती के अवसर पर देवभोग में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्त दान किया। न्यायाधीश प्रशांत देवांगन द्वारा पहला रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। जिसके बाद अग्र समाज के युवा महिलाओं के अलावा समाज के अन्य लोगों के आव्हान पर अन्य लोगों ने भी रक्तदान करने बढ़-चढ़ कर शिविर में भाग लिया। मारवाड़ी युवा के इस शिविर से दान किये गये ब्लड जिला अस्पताल गरियाबंद को 46और मेकाहारा रायपुर को 55 यूनिट दिया जा रहा है। कुल 101 युनिट रक्तदान हुआ। अग्रवाल समाज रक्त दान पखवाड़ा मना रहा है। इस शिविर में मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जैन,ब्लाक अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, सुभाष मित्तल,शिवकुमार अग्रवाल,प्रशांत मित्तल, रितेश अग्रवाल,सुमित अग्रवाल,रितेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल,अनिल अग्रवाल जशवंत गोयल ने आयोजन करवाया वही फिरोज खान,युधिष्ठिर रेड्डी,तस्मित पात्र,रमाकांत बेहेरा ने शिविर में सहयोग किया।

कोरबा जिले में रीपा में भ्रष्टाचार, वेंडरों से करोड़ों की सामग्री खरीदने समूहों से लिए ब्लेंक कार्यादेश

प्रशासन के आंखों में धूल झोंक रहे एनआरएलएम के अफसर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा आँकाक्षी जिला कोरबा में एनआरएलएम के जिम्मेदार अधिकारियों एवं वेंडरों की जुगलबंदी से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। नियमों प्रक्रियाओं की अनदेखी कर स्व सहायता समूहों को गुमराह कर ब्लेंक कार्यादेश पत्रक पर हस्ताक्षर लेकर चहेते फर्मों को मनमाने दर पर करोड़ों के सामग्री, मशीन, उपकरण का कार्यादेश देकर अनुचित लाभ दिलाया गया। हाथ लगे दस्तावेजों के आधार पर स्व सहायता समूह के ब्लेंक कार्यादेश पत्रक ने स्पष्ट कर दिया है कि समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण के नाम पर प्रशासन के आंखों में धूल झोंकी जा रही। यहां बताना होगा कि महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा के अंतर्गत विकासखण्ड कोरबा के चिर्रा और सरईडीह पहंदा, कटघोरा के अरदा और रंजना, पाली के

ठाकुरनगरजोबी संकुल-सोनपुर
FLN एवं अंगना म शिक्षा आकलन मेला

केराझरिया और नोनबिर्रा, पोड़ी-उपरोड़ा के कापूबहरा और सेमरा एवं करतला के जमनीपाली और कोटमेर में रीपा स्थापित किए गए हैं। जिसमें 60 गतिविधियों का संचालन किया जाना था। 25 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों जिले के सभी 10 रीपा के साथ सराईडीह के रीपा वर्चुअल उद्घाटन हुआ था। लेकिन उद्घाटन के पहले एवं आज पर्यन्त रीपा की संरचनाओं एमशीन, उपकरण, सामाग्री खरीदी आपूर्ति से लेकर भुगतान प्रक्रिया में की गई नियमों के अनदेखी की कारगुजारियां परत दर परत उजागर होने लगी हैं। रीपा का उद्देश्य ग्रामीण युवा उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने की थी लेकिन अफसरों के दबाव में चहेते महिला स्व समूहों से कार्य लिया गया। यही नहीं महिला स्व सहायता समूहों को निर्माण एवं सामग्री क्रय किए जाने के एवज में भुगतान की जगह चहते वेंडरों को समूहों से गुमराह कर ब्लेंक चेक लेकर भुगतान किया गया। समूहों से 3 ब्लेंक पेपर पर हस्ताक्षर लिए थे जिसमें वर्क आर्डर, कोटेशन सहित अन्य प्रक्रिया अफसरों ने ही भरे। पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कापूबहरा के जागृति स्व सहायता समूह द्वारा रीपा मद अंतर्गत प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर आजीविका संवर्धन हेतु सामग्री प्रदाय किए जाने जारी ब्लेंक कार्यादेश पत्र ने खलबली मचा दी है। ब्लेंक कार्यादेश पत्र पर समूह के अध्यक्ष अजनी कुमारी सचिव लक्ष्मीन बाई के हस्ताक्षर सहित पद मुद्रा सील लगे हैं। इससे स्पष्ट है कि विश्वस्त सूत्रों से मिल रही जानकारी कि समूहों के नाम पर निर्माण, सामग्री, मशीन एवं प्रशिक्षण का कार्य चेहेते वेंडर को दिया गया है। जिसके द्वारा तकरीबन 30 करोड़ का काम किया गया है। जिसमें नियमों, मापदंडों, मानकों, गुणवत्ता की अनदेखी कर जुगलबंदी से करोड़ों रुपए का वारा न्यारा किया गया है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ समूहों ने बताया कि समूहों के आर्थिक लाभ का जो रिपोर्टकार्ड पेश किया गया है वो महज दिखावा है, जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। कायदे से एनआरएलएम के जिम्मेदार अफसरों के भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ।

इन प्राथमिकताओं को किया नजरअंदाज

रीपा में शासन द्वारा विभिन्न प्राथमिकताएं तय की गई थी। अपर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सुब्रत साहू द्वारा 9 जून 2023 को समस्त कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि अधोसंरचनाओं का संरक्षण कर वर्कशेड स्पेस का वितरण कर समुचित उपयोग सुनिश्चित किए जाने मशीनरी के सामूहिक एवं सर्वाधिक उपयोग की संभावना तलाश किया किया जाना है। अधिक से अधिक संख्या में युवाओं, मितानों, व्यक्तिगत उद्यमियों, महिला समूहों एवं समाज के प्रतिनिधियों को जोड़कर उत्पादन कार्य में गति प्रदाय करना, अधिकाधिक युवाओं को सम्मिलित होने प्रोत्साहित किया जाना शामिल है। रीपा अंतर्गत सामाग्री क्रय के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम का पालन किया जावे। यूनिट साइज निर्धारण करते समय इकोनॉमिक विएबिलिटी का ध्यान रखा जावे। रीपा गतिविधियों से इतनी आय अवश्य रूप से हो कि प्रति व्यक्ति आय प्रचलित दैनिक मजदूरी दर से अधिक हो। रीपा केंद्रों में सुरक्षा के मद्देनजर चौकीदार की तैनाती या सुरक्षा कैमरे भी लगाने नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने, रीपा केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन सुनिश्चित करने बाजार की उपलब्धता प्रशिक्षण एवं प्रचार प्रसार जैसे कार्यों में सहयोग प्रदान करने हेतु प्राथमिकता से तकनीकी सहयोगी संस्थाओं के चयन का कार्य पूर्ण किया जाना है। बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज सुनिश्चित किया जाना है। उत्पादन कार्यों में अपेक्षित गति लाने, तैयार उत्पादों को बाजार की उपलब्धता प्राप्त हो। रीपा में संलग्न हितग्राहियों एवं उत्पादन संबंधी विवरण की जानकारी केंद्र के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जाय जिससे प्राइवेट ग्राहकों को मौके पर ही संबंधित उत्पादक एवं उत्पादन के बारे में सूचना प्राप्त हो सके। रीपा उत्पादों की प्रदर्शनी केंद्रों को उत्कृष्ट रीपा के रूप में विकसित करने, अद्यतन साप्ताहिक प्रगति रीपा पोर्टल में दर्ज किया जाना शामिल है।

पेपर मिल में डकैती करने वालों के साथ खरीददार सहित सात आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-
जांजगीर चांपा।

सिटी कोतवाली
जाँजगीर
जिला जाँजगीर-चाम्पा (छ.ग.) 07817222225,9479193107
सत्यमेव
परित्राणा

मध्य भारत पेपर मिल बिरगहनी में डकैती करने वालों के साथ डकैती में संलिप्त गार्ड एवं डकैती का सामान खरीददार सहित सात आरोपियों को जांजगीर पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इस संबंध में मिली विस्तृत जानकारी अनुसार प्रार्थी पन्ना लाल शर्मा उम्र 70 वर्ष निवासी अहेरीपुर थाना बकेवर जिला इटावा उ.प्र. हाल मुकाम मध्य भारत पेपर मील विरगहनी प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा गत 09 अक्टूबर को थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आठ और नौ अक्टूबर के दरम्यानि रात्रि लगभग सात-आठ अज्ञात व्यक्ति डकैती डालने ट्रांसफार्मर का क्वायल व अन्य सामान चोरी कर ले जाने के उद्देश्य से एक राय होकर सभी लोग अपने चेहरा ढके हुये पेपर मील के अंदर प्रवेश कर गार्ड ड्यूटी में लगे गार्डो को चारों तरफ से घेरकर जान से मारने की धमकी देते हुये मोबाईल को छीनकर मध्य भारत पेपर मील में लगे हुये ट्रान्सफार्मर को तोड़कर उसमें का तांबा के क्वायल को अपने साथ लाये कार में ले गये जो एक दुसरे का नाम संदीप प्रीतम पुकार रहे थे। रात में अंधेरा होने के वजह से चेहरा ढके होने से हम लोग डर कर उनके सामने नही गये गार्ड के द्वारा देखकर पहचान लेंगे बताया जिसकी सूचना प्रार्थी को सुबह मिलने पर फोन के माध्यम से गार्ड अफसर ने बताया कि सूचना पर अज्ञात आरोपीयों के विरुद्ध थाना जांजगीर में धारा 458,395 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। डकैती की घटना को गंभीरता से लेते हुये थाना स्तर पर अज्ञात आरोपियों एंव डकैती हुये मशरुका की पतासाजी हेतु टीम गठीत किया गया टीम को दौरान विवेचना मिल में कार्यरत् सिक्यूरिटी गार्ड की संलिप्तता होने से मील में कार्यरत् सिक्यूरिटी गार्ड राम नारायण मिश्रा को पूछताछ किया। जिसके द्वारा कोरबा क्षेत्र के ग्राम भलपहरी और छूरी निवासी के द्वारा उक्त डकैती कि घटना घटित किये है बताये जाने पर तत्काल आरोपी कि पतासाजी हेतु रेड कार्यवाही किया गया। ग्राम भलपहरी से मुकुन्दा यादव संतोष कुमार चन्द्राकर को एवं ग्राम छुरी से प्रीतम चेलकर, विश्वजीत टण्डन ए संदीप खरे एवं प्रियांशु साहू को पुलिस हिरासत में लेकर मनौवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ किया जिन्होने अपने अपने मेमोरेण्डम कथन में छह सात अक्टूबर के रात्रि में डकैती करने गये थे जो डकैती कर नही पाये तो फिर से आठ, नौ अक्टूबर रात्रि में भारत पेपर मिल बिरगहनी से ट्रान्सफार्मर में लगे तांबा के क्वायल को एक राय होकर डकैती करना अपना जुर्म स्वीकार किये है। जिनके मेमोरेण्डम के आधार पर डकैती के 112 किलो तांबा क्वायल किमती 67000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन, एक नग मोटर सायकल बुलेट, 04 नग मोबाईल, एक नग गैस कटर मय गैस सिलेण्डर एवं उपयोग में लाये अन्य पाना पेचकस को जप्त किया गया है। जांजगीर पुलिस ने आरोपी मुकुन्दा यादव, संतोष कुमार, प्रीतम चेलकर,विश्वजीत टण्डन, संदीप खरे, प्रांशु साहू,रामनारायण मिश्रा के विरुद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। वहीं घटना में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है जिनकी पता तलाश जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक कुमार वैष्णव, निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी, उप निरीक्षक पारस पटेल, उप निरीक्षक भवानी सिंह चौहान,सउनि लम्बोदर सिंह, मुकेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक बलवीर सिंह,राज कुमार चन्द्रा, मोहन साहू,अलोक शर्मा, जितेन्द्र परिहार, आरक्षक गिरीश कश्यप, ईश्वरी राठौर, शिवराय सागर, बाल्मिकी राठौर, राहूल सूयर्वशी, राज कमल ओग्रे, आशुतोष कर्ष, संतोष भानू, विरेन्द्र भैना का सराहनीय योगदन रहा।

गिरफ्तार आरोपीगण

प्रीतम चेलकर उम्र 32 वर्ष डकैती का मास्टर माइंड, विश्वजीत टण्डन उम्र 23 वर्ष, संदीप खरे उम्र 23 वर्ष, प्रियांशु साहू उम्र 30 वर्ष,खरीददार, सभी निवासी छुरी थाना कटघोरा जिला कोरबा, मुकुन्दा यादव उम्र 34 वर्ष निवासी भलपहरी थाना हरदीबजार जिला कोरबा, संतोष कुमार चन्द्राकर उम्र 43 वर्ष निवासी भलपहरी थाना हरदीबाजार जिला कोरबा और रामनारायण मिश्रा उम्र 49 वर्ष निवासी हरदीहा बहर थाना नईगड़ी जिला रीवा म.प्र. पेपर मिल का सिक्यूरिटी गार्ड।

एक नजर

मतदान से ही लोकतंत्र का विकास संभव - प्राचार्या डॉक्टर गौतम

realme Shot by pukki Gupta
2023/10/07 14:26

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया जिसमें वे भाषण, नारा लेखन गीत कविता रंगोली इत्यादि गतिविधियों द्वारा मतदान करने के लिए अपील किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गौतम सहित समस्त विषयों के सहायक प्राध्यापक गण एवं छात्राएं उपस्थित रहे। स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अंकित कुमार ने मतदान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला है सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र शुभम जैन ने भी स्वरचित कविता के माध्यम से मतदान करने के लिए अपील किया है। प्राचार्या डॉ गौतम कहती है की लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी को अवश्य एवं स्वतंत्र रूप मतदान करना चाहिए। जिससे राष्ट्र का सर्वांगीण विकास हो सके।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार के जूनियर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट का किया गया सेवा समाप्त

वित्तीय अनियमिता संबंधी कृत्य में लिप्त होने का मामला

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर ने वित्तीय अनियमिता संबंधी कृत्य में लिप्त होना जाने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ अंतर्गत मानव संसाधन नीति 2018 की कंडिका क्रमांक 34 के बिंदु क्रमांक 34.2 एवं 34.3 अनुसार प्राधिकृत अधिकारी को प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार के जूनियर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट रामकुमार की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त की है। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार के जूनियर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट रामकुमार के विरूद्ध प्राप्त शिकायत के जांच हेतु विभागीय जांच समिति का गठन किया गया एवं विभागीय जांच समिति द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। जांच प्रतिवेदन में वित्तीय अनियमितता के संबंध में तथ्यों का विवरण पाया गया है। जिसमें सेक्रेट्रियल असिस्टेंट रामकुमार द्वारा स्वयं व पत्नि के खाते में शासकीय दस्तावेज छेड़छाड़ कर राशि आहरण किए जाने के शिकायत आधार पर खाता विवरण मांगा गया। जिसमें राशि जमा होना पाया गया। खातों का जब मिलान विकासखण्ड स्तर से तैयार किए जाने वाले भुगतान की एक्सलशीट व साफ्टवेयर के माध्यम से तैयार किए जाने वाले है। फाइल के खाते मे अंतर पाया गया। जो कि बैंक मे भेजे जाने वाला एक्सल शीट की कापी मे डीबीटी खाता धारक का नाम पाया गया जबकि है। फाइल स्वयं के खाता नम्बर जोड़कर बैंक को प्रेषित किया जाने लगा। खण्ड चिकित्सा अधिकारी आरसीएच फ्लैक्सीपुल एवं एनआरएचएम फ्लैक्सीपुल के खाते से सेक्रेट्रियल असिस्टेंट रामकुमार एवं उसके पत्नि के खाते मे हस्तांतरण किया जाना पाया गया। जांच पश्चात् सेक्रेट्रियल असिस्टेंट रामकुमार से बयान लिया गया। उनके द्वारा अपने एवं अपनी पत्नि के खाता मे राशि हस्तांतरण कर गलती स्वीकार किया गया व इस प्रकरण में किसी अन्य का शामिल नहीं होना बताया गया।

महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारम्भ आज, एक सप्ताह तक होंगे विविध आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5147 वीं जयंती के तहत विविध आयोजन व प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ आज श्री अग्रवाल सभा के आतिथ्य में अग्रोहा भवन में प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश महलवाला व सचिव सुनील अग्रवाल ने बताया कि अग्रवंश की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप भगवान श्री अग्रसेन जी की जयंती 15 अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जायेगी।

जिले में आदर्श आचार संहिता लागू

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन का कार्य संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से राजनीतिक दलों से संबंद्ध व्यक्तियोंए राजनीतिक गतिविधियों में संलग्न व्यक्तियोंए समस्त अभ्यर्थियों और समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सेवकों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए है।

जिले में धारा 144 लागू कलेक्टर सिन्हा ने आम निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिले में धारा 144 लागू किया है। जिसके तहत रायगढ़ जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक अस्त्र.शस्त्र जैसे.बंदूक, रायफल,रिवाल्वर, पिस्टल इत्यादि, तलवार, भाला, बरछा, लाठी, गुप्ती अथवा अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थानों पर नहीं चलेगा। उक्त आदेश ऐसे शासकीय अधिकारियोंध्कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए शस्त्र या लाठी रखना आवश्यक है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जो शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था व विकलांगता के कारण सहारे के रूप में लाठी लेकर चलते हैं। रायगढ़ जिला के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या दल या संस्था, सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना न तो कोई सभा करेगा, न ही कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा।

आदर्श आचार संहिता लगते ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक राजनीतिक दल के लगे बैनर पोस्टर हटाए जा रहे

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 जिले में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-
सूरजपुर।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 09 अक्टूबर 2023 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के आदेशानुसार संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत जिले के नगरीय क्षेत्र एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत सार्वजनिक स्थल तथा शासकीय भवनों में लगे बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स, एलईडी तथा अन्य प्रचार सामग्रियों को 24 घण्टे भीतर हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम 48 घंटे में सभी सार्वजनिक संपत्तियों से विरूपण हटाने की कार्यवाही जाएगी। प्रथम 72 घंटे में सभी निजी संपत्तियों से विरूपण हटाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के कार्य में लगे शासकीय कर्मचारियों द्वारा फ्लेक्स बैनर पोस्टर आदि हटाने की कार्वाई प्रारंभ कर दी गई है। सूरजपुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र से लेकर जिले के सभी नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए विभागीय कर्मचारी संपत्ति विरूपण का कार्य पूरा कर रहे हैं। सभी चौक चौराहे से एवं सार्वजनिक स्थान से बैनर पोस्टर जैसे प्रचार सामग्रियों को हटाया जा रहा है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही संबंधित अधिकारी के मार्गदर्शन में हो रही है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन कराने की घोषणा 09 अक्टूबर को हो चुकी है। घोषणा दिनांक से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है।

दाऊ कल्याण महाविद्यालय के विधि विभाग में नवप्रवेशीत विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-
बलौदाबाजार।

WELCOME TO THE
Fresher's Party

शासकीय दाऊ कल्याण स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के विधि विभाग में धूमधाम से एल एल बी और एल एल एम प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षण स्टॉफ व नप्रवेशित छात्र-छात्राओं का श्रीफल एवं तिलक गुलाल लगाकर सीनियर विद्यार्थियों द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्य, आरसी जेम्स ने अपने सम्बोधन में कहा की आप कानून के छात्र समाज के दर्पण है। आने वाले समय में देश की न्याय व्यवस्था आपके हाथों में होगी। आपकी कार्यप्रणाली में आपकी ईमानदारी और आपकी कर्तव्यपरायणता की झलक होनी चाहिए। देश आपसे यही उम्मीद करता है। प्रोफेसर ए के उपाध्याय ने कहा की हमारे कॉलेज का विधि विभाग एकमात्र ऐसा विभाग है जिसमे प्रवेश पाने के लिए मारामारी होती है आप लोग भाग्यशाली है आप सभी का एडमिशन हो पाया है इस अवसर का भरपूर सदुपयोग करते हुए सभी को न्याय की रक्षा करने का काम करना है एवं आप सभी न केवल ज्ञान का संचय करें या प्रसार करें बल्कि अपनी पढ़ाई और विश्लेषण के माध्यम से नया ज्ञान भी बनाएं। प्रोफेसर डॉ. झा ने सन्देश देते हुए कहा कि विधि के छात्र समाज के कमजोर, वंचित और उपेक्षित तबकों के अधिकारों की रक्षा के दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। विभागाध्यक्ष डॉ. नबी खान ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए समय का प्रबंधन, अनुशासन, नियमित अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करते हुए कहा की आप सभी सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञान संतुलन बनाते हुए अपने जीवन को सरल बना सकते है। उद्बोधन पश्चात जूनियर एवं सीनियर छात्रों के बीच परिचय हुआ तथा विभिन्न प्रकार के खेल, डांस,संगीत, मोटिवेशनल स्पीच इत्यादि का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह का आयोजन कर उत्साहवर्धन करने के लिए कनिष्ट छात्रों की ओर से एल एल एम प्रथम वर्ष के छात्र पुष्पकांत ने सभी सम्माननीय गुरुजनों व सीनियर विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया। उक्त कार्यक्रम में डी के महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर सी जेम्स, ए के उपाध्याय, डॉ पुरषोत्तम झा, सहायक प्राध्यापक गणेश राम कुर्रे,विधि विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ नबी खान, सहायक प्राध्यापक जयंत मिंज, अभिषेक बंजारे, आलोक दुबे, हरजीत चावला सहित एल एल बी स्नातक व एल एल एम के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी, धांधली की जानकारी होने पर कलेक्टर ने लगाई फटकार

जोहार छत्तीसगढ़ -
बलौदाबाजार।

कार्यालय
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

वैसे तो अलग अलग विभागों अनेक प्रकार के गड़बड़िया देखने को मिलती है किन्तु शिक्षा विभाग में गड़बड़ी आम हो गया है इसी तारतम्य में जिला बलौदाबाजार के स्कूल शिक्षा में स्वामी आत्मानंद विभाग की भर्ती में लगातार गड़बड़ी के मामले सामने आते रहे हैं। बलौदा बाजार के जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ गड़बड़ी के पर ही राज्यस्तरीय कार्यवाही हो चुकी है। इसके बाद भी शिक्षा विभाग अपनी गलतियों से सबक लेकर व्यवस्था को बहाल करने की कोई पहल करता दिखाई नहीं दे रहा है। हालिया मामला स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शिक्षक भर्ती से जुड़ा है, जिसके इंटरव्यू का पूर्णांक 20 अंक का था और परीक्षार्थियों को विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने 22 और 23 अंक प्रदान किए हैं। अंकों के हेर फेर में शिक्षा विभाग की शिक्षक भर्ती एक बार फिर चर्चा का विषय बन चुका है। यह पूरा मामला संज्ञान में आने के बाद बलौदा बाजार के कलेक्टर चंदन कुमार ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई इसके बाद विभाग नींद से जागा है। गौरतलब है कि आत्मानंद स्कूल के लिये शिक्षकों के भर्ती हेतु जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा पोस्ट निकाला गया था जिसमे मैथ्स के 4 पद थे जो कि निपनिया कसडोल सोनखान व पलारी के रिक्त पद हेतु थे जिसके लिये जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा 20 सितम्बर को परीक्षा में सफल हुये लगभग 22 परीक्षार्थियों का इंटरव्यू भी लिया गया इंटरव्यू का 20 अंक निर्धारित किया गया था परंतु गौरतलब है कि इंटरव्यू में शामिल दो परीक्षार्थियों को निर्धारित अंक से ज्यादा अंक दे दिया जिसमें एक को 23 अंक व दूसरे को 22 अंक दे दिया है

20 सितम्बर का इंटरव्यू और चार लोगों का हस्ताक्षर

गौरतलब है कि उक्त पद के लिये 20 सितंबर को इंटरव्यू ले लिया गया था व इतने बड़े त्रुटि में चार लोगों को किसी का नजर नहीं पड़ना भी बहुत बड़े लापरवाही को दर्शाता है वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां त्रुटि बहुत बड़े आर्थिक लेन देन के प्रयास को इशारा करता है।

** मेरे द्वारा पदभार लेने के बाद जानकारी मिल रहा है।*

-बीएल देवांगन, डीईओ बलौदाबाजार भाटापारा

** चुनाव आचार सहिंता के जल्दबाजी के कारण यह त्रुटि हो गया था जिसे वेबसाइट में जाकर सुधारा जा रहा है।*

-राकेश शर्मा, पूर्व प्रभारी डीईओ बलौदाबाजार भाटापारा

निर्वाचन की प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने लागू होंगे प्रतिबंधात्मक उपाय

जोहार छत्तीसगढ़-
सूरजपुर।

विधानसभा निर्वाचन,2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग के स्थायी आदेशों के द्वारा भी निर्वाचन के दौरान शांति बनाये रखने के निर्देश के संदर्भ में यह आवश्यक हो गया है कि जिले में लोक शांति बनाये रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय भी किये जायें इसलिए जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 ;1, एवं ;2, के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुएए निर्वाचन के दौरान कानून.व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी की गई है। जिसके अंतर्गत जिला सूरजपुर के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दुक, रायफल, पिस्टल, भाला, बल्लम, बरछा, तलवार, गुप्ती खूखरी लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं, रैली, जुलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। सूरजपुर जिले में कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और आपत्तिजनक नारे नहीं लगायेगा। आपत्तिजनक पोस्टर आदि प्रदर्शित वितरित नहीं करेगा। सूरजपुर जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या दल, बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा। न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा। साथ ही किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, चक्का जाम एवं पुतला दहन किसी भी स्थिति में वर्जित रहेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आमसभाए जुलूसए धरना आदि आयोजित करने के 24 घंटा पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना सक्षम प्राधिकारी को देगा तथा अनुमति प्राप्त होने के बाद संबंधित राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति आम सभा, जुलूस, धरना आदि का आयोजन कर सकेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति जिला सूरजपुर के अंतर्गत आने वाले नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी धार्मिक स्थल या उसके आस पास 100 मीटर की परिधि में आमसभा का आयोजन नहीं करेगा और न ही धार्मिक स्थलों का उपयोग किसी भी तरह के राजनैतिक प्रयोजनों हेतु करेगा। किसी भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से किसी प्रकार के नारे बाजी या प्रचार-प्रसार एवं वक्तव्य का उद्घोष नहीं करेगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में किसी भी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र,नारेबाजी या प्रचार प्रसार पूर्णतरू प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति दल, भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत दंडनीय होगा। इस आदेश की कंडिका-1 उन व्यक्तियों, शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। जिन्हें अपने कार्य सम्पादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था या दिव्यांग होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है। यद्यपि निषेधाज्ञा आदेश जारी करने के पूर्व जिला सूरजपुर के आम नागरिकों को सुना जाना आवश्यक है, किन्तु परिस्थितियों एवं समयाभाव के कारण पृथक से पूर्व सूचना देकर सुना जाना संभव नहीं है। अतएव दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 ;2, के अधीन एक पक्षीय आदेश पारित किया जाता है।

सीएमओ ने जारी किया नोटिस, निर्माण पर रोक

आवास अन्य के नाम, स्वीकृति दूसरे प्लाट की, निर्माण तीसरे की जमीन पर!

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले में धरमजयगढ़ क्षेत्र जमीन के विभिन्न विवादों के मामले में हमेशा सुर्खियों में रहा है। जिसमें फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन रजिस्ट्री, बिना आदेश के नामांतरण तथा मृतक के नाम पर जमीन की खरीद बिक्री के कई मामले शामिल हैं। वहीं नजूल टाउन एरिया में जमीन सीमांकन विवाद व नक्शा छेड़खानी के कई मामले सामने आए और गड़बड़ियों का यह सिलसिला अब भी जारी है। धरमजयगढ़ नगर में अब इस तरह का एक और मामला सामने आया है जिसमें पीएम आवास के लिए प्रस्तुत आवेदन में किसी दूसरे व्यक्ति का खसरा नंबर दिया गया है और निर्माण किसी तीसरे व्यक्ति की जमीन पर किया जा रहा है। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ के नीचे पारा वार्ड नं 11 में किसी गीता के नाम पर पीएम आवास पास हुआ है। इस मामले में आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक दस्तावेजों में प्लाट नंबर 304/1 में आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जो किसी अन्य स्थानीय व्यक्ति के नाम पर है। जबकि आरोप है कि जहां निर्माण किया जा रहा है वह जमीन नकना के चमरा राम की है। वहीं इस मामले में नकना गांव के निवासी चमरा राम ने इस आवास निर्माण में रोक लगाने की मांग की है। चमरा राम ने बताया कि नजूल टाउन धरमजयगढ़ में प्लाट उनके नाम पर है जिस पर गीता के नाम पर स्वीकृत आवास का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह से निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस पूरे मामले पर धरमजयगढ़ के नवपदस्थ सीएमओ पंकज पांडेय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित को नोटिस जारी किया है, जिसमें राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी के रिपोर्ट आने के बाद ही निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इस नोटिस के बारे में स्थानीय प्रशासन के सर्व संबंधितों को भी अवगत कराया गया है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एसडीएम, एसडीओपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा हो चुकी है। चुनाव आयोग शांतिपूर्ण मतदान कराने तैयारी पूरी कर चुकी है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए धरमजयगढ़ में भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिगेश पटेल, तहसीलदार भोजराम डहरिया, एसडीओपी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। थाना परिसर से बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस चौक, नीचेपारा से होते हुए महात्मा गांधी चौक होते हुए थाना परिसर में संपन्न हुआ। फ्लैग मार्च से पहले एसडीएम एवं एसडीओपी ने पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बता दें कि पुलिस विभाग विशेष अवसर पर फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करती है। वहीं शरारती व असामाजिक तत्वों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की संदेश देती है। ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे और किसी भी तरह की छोटी सी छोटी अप्रिय हलचल की खबर कतई सामने न आए। धरमजयगढ़ विधान सभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण में जनाधिकार का प्रयोग हो इसी उद्देश्य के साथ शांत फि जा में अपने सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मताधिकार का लोग प्रयोग कर सकें। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी, निरीक्षक अमित कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

आचार संहिता का पालन कराने थाना प्रभारी छाल ने ली गुंडा बदमाशों की क्लास

संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त होने पर जेल जाने की दिये चेतावनी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य समेत देश के 5 राज्यों में आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन करने की प्रशासन व पुलिस को बड़ी जिम्मेदारी है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए बदमाशों पर कार्यवाही नितांत आवश्यक है जिसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारी को बदमाशों को नियंत्रित करने आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा थाना क्षेत्र के गुंडे बदमाशों को थाने बुलाकर उन्हें आचार संहिता के प्रभावशील होने की जानकारी देते हुए किसी भी अवैधानिक गतिविधियों में संल्पित पाए जाने पर कार्यवाही कर सलाखों के पीछे भेजे जाने की सख्त चेतावनी देते हुये शांतिपूर्ण रूप से जीवन यापन करने के निर्देश दिये। इसमें किसी प्रकार की समस्या आने पर आकर बताने कहा गया। वहीं थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा अपने स्टाफ को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मंशा अनुरूप लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर गतिविधियों पर निगाह रखने निर्देशित किया गया है ।

एक नजर

बिना परमिट चल रही बस के संचालक का लैलूंगा पुलिस ने कटा 12,600 का चालान

जोहार छत्तीसगढ़ - लैलूंगा।

सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने व सुरक्षित यातायात बनाए रखने यातायात पुलिस व थानों की टीमों द्वारा समय-समय पर यातायात नियमों के तहत कार्यवाही की जाती है । गत दिनों रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग पर हुये सड़क दुर्घटनाओं के समीक्षा पर वाहन चालक की लापरवाही के साथ वाहन तथा वाहन के दस्तावेजों में कई खामियां पायी गई थी जिसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को वाहनों के चालक व उसके दस्तावेजों की जांच व कार्यवाही का निर्देश दिया गया है । निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा अपने स्टाफ के साथ बिना परमिट चल रही बसों की जांच किया गया जिसमें रायगढ़ से जशपुर चलने वाली कृपा बस के संचालक द्वारा छत्तीसगढ़ परिवहन के नियमों को तक में रखते हुए बिना परमिट के बस संचालन किया जा रहा था । बस मालिक के कृत्य पर थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा यातायात के नियमों के तहत 12,600 रूपये का समन शुल्क का चालान काटा गया है । लैलूंगा पुलिस की कार्यवाही से ऐसे बस संचालक को में हड़कंप मचा है । विदित हो कि आने वाले निर्वाचन को लेकर छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में आचार संहिता प्रभावशील है। प्रशासन व पुलिस पर आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की बड़ी जिम्मेदारी है । इसी कड़ी में नियमों के विपरीत बस संचालन पर लैलूंगा पुलिस द्वारा कार्यवाही किया गया । प्रभावशील आचार संहिता का पूर्ण रूपेण पालन कराने पुलिस प्रतिबद्ध है, आगे भी ऐसे नियमों का पालन नहीं करने वाले बस मलिक व चालकों के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगा ।

हाथी के हमले से ग्रामीण घायल, इमरजेंसी टीम ने पहुंचाया अस्पताल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज अंतर्गत मंगलवार की सुबह हाथी के हमले से एक ग्रामीण घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दुकालु कमलवंसी 9 बजे आस पास लोटान इलाके के कंपार्टमेंट पीएफ 481 के जंगल में पुटु उठाने को गया हुआ था। जहां एक नर दंतैल हाथी से दुकालू का आमना सामना हो गया। जिसके बाद वह बड़ी मुश्किल से जान बचा भागने में सफल हुआ। इस घटना की सूचना ग्रामीणों के माध्यम से एमरजेंसी सेवा 112 को दी गई। जहां आरक्षक भवन कंवर व चालक रंजीत राठिया द्वारा तत्काल इवेंट पर पहुंच घायल दुकालु कमलवंसी को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ केंद्र छाल लाया गया। विभागीय टीम ने वहां घायल का उपचार कराया। घायल की स्थती को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। वहीं, विभाग द्वारा हाथी के क्षेत्र में विचरण होने की सूचना ग्रामीणों को देने के बाद भी ग्रामीण जान जोखिम में डालकर जंगलों में जा रहे हैं और ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

अंबेटिकरा में भगवान भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा होगा आकर्षण का केंद्र

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ से 6 किलोमीटर पश्चिम दिशा में मांड नदी के तट पर मां अम्बे का कई दशकों पुराना मंदिर है। जहां दिनोंदिन भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। नवरात्रि पर्व पर तो श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है। मांड नदी का तट एवं पहाड़ीनुमा क्षेत्र मनोरम दृश्य को समेटे हुए लोगों के मन को भाती है। मंदिर में माता के दर्शन के बाद भगवान गणेश, बजरंगबली की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। वहीं इस बार पहाड़ी पर बने भगवान भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा लोगों का आकर्षण का केंद्र होगा। जहां भगवान भोलेनाथ बैठे मुद्रा में हैं वहीं सामने नंदी की जीवंत प्रतिमा बनी हुई है। नंदी प्रतिमा के निर्माण में सुखदास महंत एवं मनोज मिश्रा का विशेष सहयोग रहा है।

अपराधियों पर तीसरी आंख की पैनी नजर, धरमजयगढ़ पुलिस लगवा रही सीसीटीवी कैमरे

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए धरमजयगढ़ पुलिस सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की तैयारी कर रही है। सीसीटीवी लगाने के लिए पुलिस ने पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों व आम जनता से चर्चा कर स्थान निर्धारित किया है। थाना प्रभारी धरमजयगढ़ अमित कुमार तिवारी ने बताया अपराध को नियंत्रित करने के लिए सभी छोटे रास्तों, गलियों और सड़कों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे न होने से किसी भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर अपराधी बेखौफ फरार हो जाते हैं। लेकिन अब शासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों मार्गों और प्रतिष्ठानों की निगरानी के लिए लगवाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे की मदद से किसी आपराधिक घटना को अंजाम देकर भागते समय सड़क की तरफ लगे किसी भी कैमरे की निगरानी में आने से बदमाश की पहचान होने में काफी ज्यादा मदद मिलेगी।

इन कैमरो का कंट्रोल थाना धरमजयगढ़ के अंतर्गत रहेगा। इससे 24 घंटे पुलिस की अपराधियों पर कड़ी नजर रहेगी। धरमजयगढ़ का हृदय स्थल गांधी चौक में चारों दिशाओं के लिए सीसीटीवी, जयस्तंभ चौक, पीपरमार चौक सहित अनेक स्थानों को चिन्हांकित किया गया है।

पार्षद निधि भ्रष्टाचार बीजेपी शासनकाल में,शिशु सिन्हा अध्यक्ष कार्यकाल में किए कारनामे

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

इन दिनों घरघोड़ा नगर पंचायत को बदनाम करने व अधिकारी कर्मचारी पर दबाव डालने को लेकर कुछ भ्रामक खबरे अनेक पोर्टल व न्यूज पेपरो में आए दिन देखने को मिल रहा है। कांग्रेस नेताओ नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद गणों ने इसे भाजपा व कुछ फू ल छाप कांग्रेसियों की मिली भगत करार दिया है। खबर यह है की नगर पंचायत में पार्षदनिधि में शासन द्वारा निर्धारित विन्दुओ से हट कर क्रय किये गये सामग्रियों को लेकर विधायक रजनीश सिंह द्वारा विधानसभा में लगाये गये अतरांकित प्रश्न में विभाग द्वारा यह स्वीकार किया गया था कि पार्षद निधि में नियम विपरीत क्रय किये गये जल प्रदाय,कुर्सी,ऐसी जैसे सामग्रियों के लिये तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध जांच के लिए आदेश की गई है परंतु भाजपा विधायक व खबर लगवाने व भ्रामक प्रचार करने वाले कथित नेताओ को यह बात समझ आनी चाहिए की यह जो आरोप, हो हंगामा, वर्तमान सरकार को बदनाम की रणनीति है उन्हें जानना होगा की वह कार्यकाल बीजेपी का था व उसके अध्यक्ष विजय शिशु सिन्हा थे जो भाजपा सरकार के नुमाइंदे है।

यह बात जनता तो जान रही है, बस खुद बीजेपी नेता भूल चुके हैं

भाजपा नेताओ को थोड़ा इंतजार रखना होगा की उनके कार्यकाल में हुई नियम विपरीत व भारी भ्रष्टाचार से हुए कार्यों की जांच की फाइल चल रही है, जिसमें अध्यक्ष व उनके तत्कालीन भाजपा पार्षद भी लपेटे में आएंगे।

कोरबा जिले में रीपा में भ्रष्टाचार, वेंडरों से करोड़ों की सामग्री खरीदने समूहों से लिए ब्लेंक कार्यादेश

प्रशासन के आंखों में धूल झोंक रहे एनआरएलएम के अफसर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा आँकाक्षी जिला कोरबा में एनआरएलएम के जिम्मेदार अधिकारियों एवं वेंडरों की जुगलबंदी से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। नियमों प्रक्रियाओं की अनदेखी कर स्व सहायता समूहों को गुमराह कर ब्लेंक कार्यादेश पत्रक पर हस्ताक्षर लेकर चहेते फर्मों को मनमाने दर पर करोड़ों के सामग्री, मशीन, उपकरण का कार्यादेश देकर अनुचित लाभ दिलाया गया। हाथ लगे दस्तावेजों के आधार पर स्व सहायता समूह के ब्लेंक कार्यादेश पत्रक ने स्पष्ट कर दिया है कि समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण के नाम पर प्रशासन के आंखों में धूल झोंकी जा रही। यहां बताना होगा कि महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा के अंतर्गत विकासखण्ड कोरबा के चिर्रा और सरईडीह पहंदा, कटघोरा के अरदा और रंजना, पाली के केराझरिया और नोनबिर्रा, पोड़ी-उपरोड़ा के कापूबहरा और सेमरा एवं करतला के जमनीपाली और कोटमेर में रीपा स्थापित किए गए हैं। जिसमें 60 गतिविधियों का संचालन किया जाना था। 25 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों जिले के सभी 10 रीपा के साथ सराईडीह के रीपा वर्चुअल उद्घाटन हुआ था। लेकिन उद्घाटन के पहले एवं आज पर्यन्त रीपा की संरचनाओं एमशीन, उपकरण, सामाग्री खरीदी आपूर्ति से लेकर भुगतान प्रक्रिया में की गई नियमों के अनदेखी की कारगुजारियां परत दर परत उजागर होने लगी हैं। रीपा का उद्देश्य ग्रामीण युवा उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने की थी लेकिन अफसरों के दबाव में चहेते महिला स्व समूहों से कार्य लिया गया। यही नहीं महिला स्व सहायता समूहों को निर्माण एवं सामग्री क्रय किए जाने के एवज में भुगतान की जगह चहते वेंडरों को समूहों से गुमराह कर ब्लेंक चेक लेकर भुगतान किया गया। समूहों से 3 ब्लेंक पेपर पर हस्ताक्षर लिए थे जिसमें वर्क आर्डर, कोटेशन सहित अन्य प्रक्रिया अफसरों ने ही भरे। पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कापूबहरा के जागृति स्व सहायता समूह द्वारा रीपा मद अंतर्गत प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर आजीविका संवर्धन हेतु सामग्री प्रदाय किए जाने जारी ब्लेंक कार्यादेश पत्र ने खलबली मचा दी है। ब्लेंक कार्यादेश पत्र पर समूह के अध्यक्ष अजनी कुमारी सचिव लक्ष्मीन बाई के हस्ताक्षर सहित पद मुद्रा सील लगे हैं। इससे स्पष्ट है कि विश्वस्त सूत्रों से मिल रही जानकारी कि समूहों के नाम पर निर्माण, सामग्री, मशीन एवं प्रशिक्षण का कार्य चेहेते वेंडर को दिया गया है। जिसके द्वारा तकरीबन 30 करोड़ का काम किया गया है। जिसमें नियमों, मापदंडों, मानकों, गुणवत्ता की अनदेखी कर जुगलबंदी से करोड़ों रुपए का वारा न्यारा किया गया है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ समूहों ने बताया कि समूहों के आर्थिक लाभ का जो रिपोर्टकार्ड पेश किया गया है वो महज दिखावा है, जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। कायदे से एनआरएलएम के जिम्मेदार अफसरों के भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ।

इन प्राथमिकताओं को किया नजरअंदाज

रीपा में शासन द्वारा विभिन्न प्राथमिकताएं तय की गई थी। अपर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सुब्रत साहू द्वारा 9 जून 2023 को समस्त कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि अधोसंरचनाओं का संरक्षण कर वर्कशेड स्पेस का वितरण कर समुचित उपयोग सुनिश्चित किए जाने मशीनरी के सामूहिक एवं सर्वाधिक उपयोग की संभावना तलाश किया किया जाना है। अधिक से अधिक संख्या में युवाओं, मितानों, व्यक्तिगत उद्यमियों, महिला समूहों एवं समाज के प्रतिनिधियों को जोड़कर उत्पादन कार्य में गति प्रदाय करना, अधिकाधिक युवाओं को सम्मिलित होने प्रोत्साहित किया जाना शामिल है। रीपा अंतर्गत सामाग्री क्रय के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम का पालन किया जावे। यूनिट साइज निर्धारण करते समय इकोनॉमिक विएबिलिटी का ध्यान रखा जावे। रीपा गतिविधियों से इतनी आय अवश्य रूप से हो कि प्रति व्यक्ति आय प्रचलित दैनिक मजदूरी दर से अधिक हो। रीपा केंद्रों में सुरक्षा के मद्देनजर चौकीदार की तैनाती या सुरक्षा कैमरे भी लगाने नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने, रीपा केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन सुनिश्चित करने बाजार की उपलब्धता प्रशिक्षण एवं प्रचार प्रसार जैसे कार्यों में सहयोग प्रदान करने हेतु प्राथमिकता से तकनीकी सहयोगी संस्थाओं के चयन का कार्य पूर्ण किया जाना है। बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज सुनिश्चित किया जाना है। उत्पादन कार्यों में अपेक्षित गति लाने, तैयार उत्पादों को बाजार की उपलब्धता प्राप्त हो। रीपा में संलग्न हितग्राहियों एवं उत्पादन संबंधी विवरण की जानकारी केंद्र के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जाय जिससे प्राइवेट ग्राहकों को मौके पर ही संबंधित उत्पादक एवं उत्पादन के बारे में सूचना प्राप्त हो सके। रीपा उत्पादों की प्रदर्शनी केंद्रों को उत्कृष्ट रीपा के रूप में विकसित करने, अद्यतन साप्ताहिक प्रगति रीपा पोर्टल में दर्ज किया जाना शामिल है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in